कार्तिक कृष्ण - 9 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 11 ▪ अंक - 103 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- | चेन्नई » सोमवार » 06-11-2023 | www.dakshinbharat.com | Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 कांग्रेस की गारंटी राहुल गांधी की तरह विफल रही : ठाकुर

6 नौकरी में आपकी जगह एआईई नहीं, बल्कि एआई जानने वाला लेगा

7 राम मंदिर का निर्माण, भारत के भीतर राम राज्य की उद्घोषणा की शुरुआत है



## फर्स्ट टेक

### भारत ने भूकंप प्रभावित नेपाल को भेजी राहत सामग्री

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत ने भूकंप प्रभावित नेपाल को रविवार को दवाएं तथा अन्य राहत सामग्री भेजी। पश्चिमी नेपाल में शुक्रवार को भीषण भूकंप आया था, जिसमें 150 से अधिक लोगों की मौत हुई और 160 से अधिक लोग घायल हो गए। भारत ने भारतीय वायुसेना के सैन्य परिवहन विमान से ये राहत समग्री भेजी है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''नेपाल के भूकंप प्रभावित इलाकों के लिए आपात राहत सहयोग मुहैया करा रहे हैं। पहले कदम उठाने वाले देश के तौर पर भारत दवाएं और राहत सामग्री भेज रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'पड़ोसी पहले' नीति पर काम कर रहे हैं।''

### बांग्लादेश में बीएनपी की नाकेबंदी, नौ बसों में आग लगायी

**ढाका/वार्ता।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी)-जमात और अन्य पार्टियों के आह्वान पर रविवार से 48 घंटे की नाकेबंदी शुरू होने से पहले बीती रात राजधानी ढाका सहित देश के विभिन्न हिस्सों में हिंसक घटनाओं के दौरान नौ बसों में आग लगा दी गयी। ढाका ट्रिब्यून ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में अग्निशमन सेवा और नागरिक सुरक्षा अधिकारी तल्हा बिन जासिम के हवाले से बताया गया कि आज सुबह छह बजे तक आग लगने की 12 घटनाओं की जानकारी मिली है जिनमें नौ बस में आग लगा दिये जाने की घटनाएं हैं। ढाका के अलावा, नारायणगंज, गाज़ीपुर, सिराजगंज, बारिसल और रंगपुर में आग लगने की घटना सामने आयी है।

### यूक्रेन ने क्रीमिया में शिपयार्ड पर हमला किया, रूसी पोत क्षतिग्रस्त

**मास्को/एपी।** रूस की सेना ने कहा है कि यूक्रेन ने क्रीमिया के एक शिपयार्ड पर मिसाइल हमला किया, जिसमें एक रूसी जहाज क्षतिग्रस्त हो गया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार देर रात कहा कि यूक्रेन के बलों ने क्रीमिया प्रायद्वीप के पूर्वी शहर कर्च में जालिव शिपयार्ड पर 15 क्रूज़ मिसाइलें दागीं हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि हवाई रक्षा प्रणाली ने 13 मिसाइलों को मार गिराया, लेकिन अन्य शिपयार्ड पर जा गिरीं और एक पोत को क्षतिग्रस्त कर दिया। मंत्रालय ने यह नहीं बताया कि पोत को कितना नुकसान हुआ है। यूक्रेन की वायु सेना के कमांडर मायकोला ओलेशचुक ने एक बयान में कहा कि हमले के वक्त शिपयार्ड में काले सागर में रूस के बेड़े का एक बहुत ही आधुनिक पोत था, जो कैलिबर क्रूज़ मिसाइल का वाहक है। रूस ने 2014 में अवैध रूप से क्रीमिया प्रायद्वीप को अपने देश में मिला लिया था। यूक्रेन ने हाल के महीनों में क्रीमिया में नौसेना केंद्रों को निशाना बनाया है।

| | |
|---|---|
| 06-11-2023 सूर्यास्त 5:40 बजे | 07-11-2023 सूर्योदय 6:04 बजे |
| BSE 64,363.78 (+282.88) | NSE 19,230.60 (+97.35) |
| सोना 6,353 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 78,000 रु. प्रति किलो |

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

#### उसे सबकी खबर

सबद कीर्तन अजां आरती,
अपने मन से चुनता है।
माया के इस मकड़जाल को,
निज हाथों से बुनता है।
क्यों इस शोर शराबे में तू,
अपने सिर को धुनता है।
चींटी के पैरों की आहट,
को भी मालिक सुनता है।।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने माओवाद प्रभावित इलाकों के युवाओं से कहा

# हिंसा के जरिये कभी विकास हासिल नहीं किया जा सकता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के माओवाद प्रभावित इलाकों के युवाओं से रविवार को कहा कि हिंसा के जरिए कभी विकास हासिल नहीं किया जा सकता। साथ ही, राष्ट्रपति ने युवाओं से शिक्षा के महत्व को समझने की भी अपील की। राष्ट्रपति ने कहा कि देश का लोकतांत्रिक ढांचा सभी को समान अवसर मुहैया करता है।



राष्ट्रपति भवन द्वारा मुर्मू के हवाले से जारी किये गए एक बयान में कहा गया है कि युवाओं को कड़ी मेहनत और लगन से अपना रास्ता बनाना है। राष्ट्रपति ने कहा कि युवाओं का भविष्य उज्ज्वल है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ''हिंसा के जरिये कभी विकास हासिल नहीं किया जा सकता।'' मुर्मू ने उनसे देश के संविधान और लोकतंत्र में पूरी आस्था रखने की अपील की।

मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ से युवाओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने यहां राष्ट्रपति भवन में मुर्मू से मुलाकात की थी। बयान में कहा गया है कि यह प्रतिनिधिमंडल वामपंथी उग्रवाद से सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा आयोजित 'ट्राइबल यूथ एक्चेंज प्रोग्राम' के तहत दिल्ली में हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा व्यक्तिगत और सामुदायिक विकास की नींव है। मुर्मू ने उनसे शिक्षा के महत्व को समझने और लोगों इसके प्रति जागरुक करने की भी अपील की।

राष्ट्रपति ने उनसे ''हमारे पूर्वजों से प्रेरणा लेने और उनके मूल्यों को अपनाकर कर भारत को मजबूत करने'' की अपील की।

मुर्मू ने कहा कि सरकार देश के और सभी नागरिकों के चहुंमुखी विकास का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा, ''यहां तक की सुदूर इलाकों में भी सरकार सभी के विकास के लिए सड़क, संचार, शिक्षा और स्वास्थ्य संस्थानों का निर्माण कर रही है। युवाओं के व्यावसायिक कौशल को बढ़ाने और उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए कई आईटीआई तथा कौशल विकास केंद्र स्थापित किए गए हैं।''

## तेलंगाना में 490 करोड़ रुपए मूल्य का सोना जब्त

**हैदराबाद/भाषा।** तेलंगाना में कानून प्रवर्तक एजेंसियों ने नौ अक्टूबर को आचार संहिता लागू होने के बाद से रविवार तक 490 करोड़ रुपये के मूल्य की नकदी, सोना, शराब और अन्य चीजें जब्त कीं। तेलंगाना के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने एक बयान जारी कर बताया कि कुल 173.3 करोड़ रुपये की नकदी, 282 किलोग्राम सोना, 1,167 किलोग्राम चांदी, 176 करोड़ रुपये की अन्य मूल्यवान वस्तुएं, 60 करोड़ रुपये की शराब, 28.6 करोड़ रुपये का गांजा और वितरित करने के लिए 52.5 करोड़ रुपये की कीमत की अन्य चीजें जब्त की गईं हैं। बयान के मुताबिक, तेलंगाना विधानसभा चुनावों के लिए नौ अक्टूबर से जारी आचार संहिता के लागू होने के बाद से आज (पांच नवंबर) तक की अवधि के दौरान एजेंसियों ने 490.6 करोड़ रुपये से ज्यादा की कीमत की नकदी व वस्तुएं जब्त कीं। राज्य में विधानसभा के लिए 30 नवंबर को मत डाले जाएंगे जबकि मतगणना तीन दिसंबर को होगी।




## कांग्रेस के नेता चुनाव के समय जाते हैं जनता के पास : सिंधिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुरैना/वार्ता।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस के नेताओं को विदेशी पक्षियों की तरह बताते हुए आज कहा कि जैसे विदेश पक्षी दो महीने के लिये अपना समय बिताने के लिए यहां आते हैं, वैसे ही कांग्रेस नेता चुनाव के समय दो महीने के लिये जनता के बीच आते हैं और फिर साढ़े चार वर्ष के लिए फुर्र उड़ जाते हैं।

सिंधिया जिले की जोरा, सबलगढ़ और अम्बाह विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जन सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दलितों के हित की बात करने वाली कांग्रेस ने ही संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर को लोकसभा चुनाव में हराने के लिए काम किया था। सिंधिया ने कांग्रेसी नेताओं को विदेशी पक्षियों के जैसा बताया कि जिस प्रकार विदेशी पक्षी 2 महीने के लिए यहां आते हैं और बाद में लौट जाते है। उसी प्रकार कांग्रेस नेता चुनाव के दौरान 2 महीने के लिए जनता के बीच आते है, उसके बाद साढ़े चार साल के लिए फुर्र हो जाते है।

विराट के शतकीय प्रहार के बाद, जडेजा के पंजे से

# भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 243 रनों से हराया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/वार्ता।** भारत ने रविवार को आईसीसी विश्वकप के 37वें मुकाबले में विराट कोहली नाबाद 101 रनों की शतकीय पारी के बाद रवींद्र जडेजा के पांच विकेट की बदौलत दक्षिण पर 243 रनों की विशाल जीत हासिल करते हुए टूर्नामेंट में अपने विजय क्रम को जारी रखा है।

327रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम भारतीय गेंदबाजों के आगें नहीं टिक सकी और पूरी टीम 27.1 ओवर में 83 रनों पर ढेर हो गई।

दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत खराब रही और दूसरे ओवर की चौथी गेंद पर उसके सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक पांच रन को सिराज ने बोल्ड कर चलता कर दिया। उसके बाद नौवें ओवर की तीसरी गेंद पर जडेजा ने कप्तान तेम्बा बवूमा 11 रन को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। शमी ने 10 ओवर में एडन मारक्रम नौ रन का शिकार किया। हाइनरिक क्लासन एक रन को जडेजा ने पगबाधा आउट किया।




### कोहली ने रचा इतिहास, तेंदुलकर के बराबर पहुंचे

**कोलकाता/भाषा।** जिनको देखकर क्रिकेट खेलना शुरू किया, विश्व कप जीतने पर जिन्हे कंधे पर बिठाकर वानखेड़े स्टेडियम का चक्कर लगाया , उन्हीं सचिन तेंदुलकर के 49 वनडे शतकों के रिकार्ड की बराबरी विराट कोहली ने अपने जन्मदिन पर ऐतिहासिक ईडन गार्डन पर की तो मानों आसमान 'कोहली कोहली ' के शोर से गूंज उठा । दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व कप के मैच में 49वें ओवर में कैगिसो रबाडा की गेंद पर एक रन लेकर कोहली ने वनडे क्रिकेट में 49वां शतक पूरा किया तो पूरा ईडन गार्डन खुशी से झूम उठा । कोहली ने हेलमेट उतारकर दर्शकों का अभिवादन स्वीकार किया और आसमान की ओर देखा । कोई जोशीला जश्न नहीं , बस चेहरे पर एक संतोष का भाव ।

बाईस साल पहले वीवीएस लक्ष्मण की 281 रन की पारी और 2014 में रोहित शर्मा के वनडे के रिकॉर्ड 264 रन के साक्षी रहे ईडन गार्डन पर भारतीय क्रिकेट के इतिहास का एक और अध्याय आज लिखा गया ।

# कांग्रेस जिस राज्य में गलती से आ गई, वहां धड़ाधड़ लूट ही लूट रहती है : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**खंडवा/वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए कांग्रेस को मध्यप्रदेश से ट्रैक्टर भर-भर के 'लूट' करनी है और इसीलिए पार्टी राज्य में सरकार बनाने के लिए छटपटा रही है। मोदी चुनाव प्रचार के सिलसिले में राज्य के निमाड़ अंचल के खंडवा में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान पार्टी महासचिव कैलाश विजयवर्गीय तथा हरसूद विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार डॉ. कुंवर विजय शाह एवं अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे।



प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी में प्रदेश को विकास की नई ऊंचाई पर पहुंचाना है। कांग्रेस ने प्रदेश को बीमारू बना कर भ्रष्टाचार और भाईभतीजावाद के माध्यम से गड्ढे में धकेल दिया था। भाजपा ने मेहनत से निकाला है। इस काम में भाजपा की कई पीढ़ियां खप गईं हैं, इसलिए राज्य को अब कांग्रेस के चंगुल से बचाना ही होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस यहां सरकार बनाने के लिए क्यों छटपटा रही है, कांग्रेस का इरादा साफ है। वो मध्यप्रदेश को अपनी पार्टी का एटीएम बनाना चाहती है। लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए कांग्रेस को मध्यप्रदेश से ट्रैक्टर भर-भर के लूट करनी है। जब कांग्रेस केंद्र में थी तो लाखों करोड़ के घोटाले करके काम चलाती थी। अब वो 10 साल से केंद्र से बाहर है, इसलिए कांग्रेस हर राज्य को लालच से देख रही है कि कब मौका मिले और कब माल खाएं। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि कांग्रेस जिस राज्य में गलती से आ गई, वहां धड़ाधड़ लूट ही लूट रहती है। स्पर्धा चलती है कि मुख्यमंत्री ज्यादा लूटेगा या उप मुख्यमंत्री। उन्होंने अपनी बात के समर्थन में कर्नाटक का उदाहरण भी दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस यानी मध्यम वर्ग की जेब साफ करना, विकास की गाड़ी को परमानेंट ब्रेक लगाना और रिवर्स गियर में डाल देना, इसलिए कांग्रेस से बहुत सावधान रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कोई ये नहीं सोचे कि इतने दिन सत्ता से बाहर रहें हैं तो सुधर गए होंगे। सुधरे नहीं हैं, उनकी भूख और तेज हो गई है।

प्रधानमंत्री ने मध्यप्रदेश के नौजवानो का आह्वान करते हुए कहा कि जो लोग पहली बार वोट डालने जा रहे हैं, उनसे आग्रह है कि वे अलर्ट रहें, कांग्रेस का राज इस पीढ़ी ने देखा ही नहीं है। उन्होंने माता पिता का आह्वान करते हुए कहा कि अपने बच्चों को बैठाएं और जो मुसीबतें उन्होंने झेलीं थीं, वो बच्चों को बताएं।

## सभी महिला सैनिकों को समान रूप से दिया जाएगा मातृत्व, शिशु देखभाल अवकाश


***नई दिल्ली/भाषा।*** *रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सभी महिला सैन्यकर्मियों को समान रूप से मातृत्व, शिशु देखभाल और दत्तक ग्रहण अवकाश देने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।*

*रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि यह निर्णय सशस्त्र बलों में हर रैंक की महिलाओं की ''समावेशी भागीदारी'' सुनिश्चित करने के सिंह के दृष्टिकोण के अनुरूप है। उसने कहा कि इस कदम से सेना में महिलाओं को अपने पेशेवर एवं पारिवारिक जीवन को बेहतर तरीके से संतुलित करने में मदद मिलेगी तथा इससे कामकाजी स्थिति में सुधार होगा। मंत्रालय ने कहा ''रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सशस्त्र बलों में महिला सैनिकों, नाविकों और वायु सैनिकों के लिए उनकी समकक्ष अधिकारियों के बराबर मातृत्व, शिशु देखभाल और दत्तक ग्रहण अवकाश देने संबंधी नियमों को लागू करने से जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।'' मंत्रालय ने कहा, ''इन नियमों के जारी हो जाने से सेना में सभी महिलाओं को समान रूप से ये छुट्टियां मिलेंगी, भले ही वे कोई अधिकारी हो या किसी अन्य रैंक पर कार्यरत हों।'' अधिकारियों ने बताया कि इस समय महिला अधिकारियों को हर बच्चे के लिए 180 दिन का मातृत्व अवकाश मिलता है। यह नियम अधिकतम दो बच्चों पर लागू होता है। उन्होंने बताया कि महिला अधिकारियों को संपूर्ण सेवा कार्यालय में 360 दिन का शिशु देखभाल अवकाश मिलता है। इसके लिए बच्चे की आयु 18 वर्ष से कम होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि एक वर्ष से कम उम्र के बच्चे को गोद लेने की वैध तिथि के बाद 180 दिनों की दत्तक ग्रहण छुट्टी दी जाती है।*

# इजराइली विमानों ने गाजा के शरणार्थी शिविर पर हमला किया, 40 लोगों की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**दीर अल बलाह (गाजा पट्टी)/एपी।** इजराइली युद्धक विमानों ने रविवार तड़के गाजा पट्टी में एक शरणार्थी शिविर पर हमला किया, जिसमें कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी।



अमेरिका ने आम नागरिकों को राहत देने के लिए इजराइल से कुछ वक्त के लिए हमले रोकने की अपील की थी, लेकिन इजराइल का कहना है कि वह गाजा में हमास शासकों को कुचलने के लिए अपने हमले जारी रखेगा।

अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन, फ्रांस की राजधानी पेरिस, जर्मनी की राजधानी बर्लिन और अन्य यूरोपीय शहरों में फलस्तीन समर्थक हजारों लोगों ने गाजा में इजराइली बमबारी रोकने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। ये प्रदर्शन इजराइल-हमास युद्ध में हताहत हुए लोगों की बढ़ती संख्या और गहराते मानवीय संकट को लेकर यूरोप के खासकर उन देशों में बढ़ रहे असंतोष को दर्शाते हैं, जहां मुस्लिम आबादी अधिक है।

### इजराइली मंत्री ने गाजा पर 'परमाणु बम' गिराने को विकल्प कहा, नेतन्याहू ने किया निलंबित

**यरूशलम/एपी।** इजराइल सरकार में दक्षिणपंथी ओत्जामा यहूडिट पार्टी से एक मंत्री ने रविवार का कहा कि हमास शासित गाजापट्टी पर परमाणु बम गिराना ''एक विकल्प'' है। उनके इस बयान के बाद प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने उन्हें अनिश्चितकाल के लिए सरकारी बैठकों से निलंबित कर दिया। एक रेडियो साक्षात्कार में यरूशलम विषयक एवं विरासत मंत्री अमिचाई इलियाहू ने कहा कि ''गाजा में ऐसा कोई नहीं है जो लड़ाई में शामिल नहीं है'', ऐसे में पट्टी को मानवीय सहायता प्रदान करना 'एक विफलता' होगी।

जब उनसे कहा गया कि जब उनकी दृष्टि से गाजा में सभी लड़ाके हैं तो क्या गाजा पट्टी पर परमाणु हमला ''एक विकल्प'' है तो उन्होंने कहा, यह एक तरीका है। उनकी इस टिप्पणी पर सत्तारूढ़ गठबंधन और विपक्ष, दोनों ही नाराज हो गये हैं एवं विपक्ष ने उन्हें सरकार से बाहर करने की मांग की। इस नाराजगी के बाद इलियाहू अपने बयान से पीछे हट गये और उन्होंने इसे 'अतिश्योक्तिपूर्ण' टिप्पणी बताया।

## निज्जर की हत्या संबंधी आरोपो को लेकर भारत ने किया सवाल
## कनाडा सरकार से मांगे सबूत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**ओटावा/भाषा।** कनाडा में भारत के उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा ने सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर लगाए गए आरोपों के संबंध में ओटावा से सबूत मुहैया कराने को कहा।



वर्मा ने साथ ही कहा कि निज्जर की हत्या के मामले को लेकर कनाडा की जांच में उच्च स्तर के एक कनाडाई अधिकारी के सार्वजनिक बयानों से प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। वर्मा ने 'ग्लोब एंड मेल' समाचार पत्र से एक साक्षात्कार में शुक्रवार को कहा कि इस मामले में ''हमें कोई ऐसी विशिष्ट या प्रासंगिक सूचना मुहैया नहीं कराई गई, जिसके आधार पर हम उनकी मदद कर सकें।''

समाचार पत्र ने वर्मा के हवाले से कहा, ''सबूत कहां हैं? इस जांच का निष्कर्ष कहां है? मैं एक कदम आगे जाकर कहूंगा कि जांच पर पहले ही प्रतिकूल प्रभाव पड़ चुका है।'' उन्होंने किसी का नाम लिए बिना शनिवार को कहा, ''यह कहने के लिए एक उच्च स्तरीय व्यक्ति से निर्देश मिला है कि इसके पीछे भारत या भारतीय एजेंट का हाथ है।''

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने सितंबर में आरोप लगाया था कि जून में उनके देश में हुई निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंट की ''संभावित'' संलिप्तता थी।



# अणुव्रत जिला स्तरीय कार्यक्रम में 9 स्कूलों के बच्चों ने लिया भाग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय अणुव्रत समिति द्वारा जिला स्तरीय क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट का आयोजन विजयनगर सभा भवन में मुनिश्री दीपकुमारजी के सान्निध्य में किया गया। कार्यक्रम में जिले की करीब 9 स्कूल होली पब्लिक स्कूल, कार्मल हाईस्कूल, बीईटी हाईस्कूल, ज्ञानाबोधिनी स्कूल, अरुणोथति नगर स्कूल, कावेरी हाई स्कूल विजयनगर ज्ञानशाला शामिल के करीब 40 बच्चों ने भाषण, एकल गायन, सामूहिक गायन, कविता वाचन, निबंध लेखन व चित्रकला जैसे विषयों पर बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। राष्ट्रीय प्रभारी से राजेश चावत ने प्रतियोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रथम स्थान हासिल करने वाले बच्चों को मेडल से सम्मानित किया गया। राज्य प्रभारी लाभेश कांसवा ने धन्यवाद दिया। संचालन संयोजिका सुमित्रा बरडिया ने किया।

# मप्र: 8वीं बार मैदान में कुंवर विजय शाह, पिछले नतीजे देखकर भाजपा ने फिर जताया भरोसा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**खंडवा/दक्षिण भारत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मध्य प्रदेश के खंडवा में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर हरसूद विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार डॉ. कुंवर विजय शाह भी मौजूद थे।

उन्होंने कहा कि 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देने के लिए 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' को मोदी द्वारा अगले पांच वर्षों के लिए आगे बढ़ाने की घोषणा से गरीबों को संबल मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शित करता है कि 'गरीब कल्याण' भाजपा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने पार्टी के फिर से सत्ता में आने को



लेकर भरोसा जताया।

बता दें कि आगामी मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने कुंवर विजय शाह का नाम उम्मीदवारों की चौथी सूची में घोषित कर दिया था। वे हरसूद से सात बार विधायक रह चुके हैं। यही नहीं, अब तक पांच मंत्रालय संभाल चुके हैं।

उनके पिछले चुनाव परिणामों को देखते हुए भाजपा ने उन पर आठवीं बार भी भरोसा जताया। मकड़ाई के पूर्व राजघराने से आने वाले कुंवर विजय शाह ने साल 1990 में ताल ठोंकी थी, जिसके बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

एक नवंबर, 1962 को मकड़ाई में जन्मे कुंवर विजय शाह इतिहास के छात्र रहे हैं। पर्यटन और तैराकी में भी रुचि रखने वाले शाह छात्र जीवन से ही राजनीति में सक्रिय रहे हैं। वे एबीवीपी से जुड़े थे। उन्होंने क्रिश्चियन कॉलेज के छात्र संघ में विभिन्न पदों पर कार्य किया था।

विधायक बनने के बाद पुस्तकालय समिति, प्राक्कलन समिति, नियम समिति, पर्यटन एवं पुनर्वास विभाग की परामर्शदात्री समितियों के सदस्य रह चुके हैं।

इसके अलावा विशेषाधिकार समिति के सभापति रहे हैं। वहीं, बतौर मंत्री संस्कृति एवं पर्यटन, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति कल्याण, ग्रामोद्योग, वन, तकनीकी शिक्षा, सामान्य प्रशासन, उच्च शिक्षा तथा लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण का जिम्मा संभाल चुकेहैं।

## आईओसी ने 148 करोड़ रुपये में मर्केटर पेट्रोलियम का अधिग्रहण किया

**नई दिल्ली/भाषा।** सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने दिवाला कार्यवाही में लगभग 148 करोड़ रुपये में मर्केटर पेट्रोलियम का अधिग्रहण किया है। कंपनी ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी।

आईओसी ने बताया कि मर्केटर पेट्रोलियम लिमिटेड (एमपीएल) में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए आईओसी की समाधान योजना को राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की मुंबई पीठ ने मंजूरी दे दी है।

एमपीएल के पास गुजरात की खंभात की खाड़ी में स्थलीय तेल और गैस खोज ब्लॉक है। ब्लॉक सीबी- ओएनएन- 2005/9 को कंपनी ने 2008 में 7वीं एनईएलपी (नेल्प) बोली में जीता था। इसमें 4.55 करोड़ बैरल तेल भंडार होने की संभावना है। यह ब्लॉक आईओसी के कोयाली रिफाइनरी ब्लॉक से लगभग 60 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

## केरल के कुछ हिस्सों में भारी बारिश जारी रहेगी, तीन जिलों में 'ऑरेंज अलर्ट' जारी

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केरल के कुछ हिस्सों में भारी बारिश के बीच, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को राज्य के तीन जिलों में दिन के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया। आईएमडी ने पथानामथिट्टा, इडुक्की और मलप्पुरम जिलों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया। इसने राज्य के अलाप्पुझा, एर्नाकुलम और पलक्कड़ जिलों में भी 'येलो अलर्ट' जारी किया गया है।

'ऑरेंज अलर्ट' में 12 से 20 सेमी तक बहुत भारी बारिश और 'येलो अलर्ट' के दौरान छह से 11 सेमी के बीच भारी बारिश का अनुमान रहता है। आईएमडी ने तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, पथानामथिट्टा, इडुक्की और मलप्पुरम जिलों में एक या दो स्थानों पर मध्यम बारिश और तेज हवा के साथ आंधी और केरल के अन्य जिलों में एक या दो स्थानों पर हल्की बारिश का भी पूर्वानुमान जताया है। दिन में, विभाग ने देश के दक्षिणी हिस्से में मौसम की मौजूदा स्थिति को देखते हुए कुछ दिनों तक केरल में भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया था। आईएमडी के पूर्वानुमान में कहा गया कि दक्षिणी तमिलनाडु व पड़ोसी क्षेत्रों के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण (सर्कुलेशन) है, जिसके तीन दिन में पश्चिम-उत्तर पश्चिम की ओर दक्षिण-पूर्व और पूर्व-मध्य अरब सागर की दिशा में बढ़ने की संभावना है।




# घटक दलों के आपसी झगड़ों से विपक्षी गठबंधन 'इंडी शून्य' में तब्दील हो गया: गोयल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इंदौर (मध्यप्रदेश)/भाषा।** विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' पर हमला बोलते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि घटक दलों के आपसी झगड़ों के कारण यह गठजोड़ 'इंडी शून्य' (इंडी 0) में तब्दील हो गया है।

चुनावी दौरे पर मध्यप्रदेश आए गोयल ने इंदौर में संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा, ''विपक्षी गठबंधन बनने से पहले ही बिखरना शुरू हो गया है। इसमें शामिल दल राज्यों के मौजूदा विधानसभा चुनावों में एक-दूसरे के खिलाफ खड़े हैं। दरअसल यह गठबंधन कभी बन ही नहीं पाया और अब यह 'इंडी शून्य' गठबंधन में बदल गया है।'' उन्होंने कहा कि 17 नवंबर को होने वाले मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में गठबंधन को लेकर समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ एक-दूसरे के बारे में क्या बोल रहे हैं, यह उन्हें मीडिया के जरिये ही मालूम हुआ। गोयल ने कहा, ''बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दु:खी हैं कि आखिर यह कैसा विपक्षी गठबंधन है? आम आदमी पार्टी कांग्रेस के बारे में गाली-गलौज करती है। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और कर्नाटक में भी 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के दलों के बीच झगड़ा चल रहा है।'' केंद्रीय मंत्री ने कमलनाथ और दिग्विजय सिंह को 'बेमेल जोड़ी' करार देते हुए कहा कि दोनों कांग्रेस नेताओं में अपनी संतानों को मध्यप्रदेश की राजनीति में स्थापित करने के लिए आपसी झगड़ा चल रहा है।

# सकारात्मक माहौल के बीच टायरों की मांग मजबूत रहेगी : जेके टायर सीएमडी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** सकारात्मक माहौल के बीच वाहन उद्योग के लगातार नई ऊंचाइयां छूने का सिलसिला जारी है। इस बीच, जेके टायर के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) रघुपति सिंघानिया ने कहा है कि घरेलू बाजार में टायरों की मांग आगे भी मजबूत बने रहने की उम्मीद है।

सिंघानिया ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में मजबूत वृद्धि और बुनियादी ढांचे के विकास पर सरकार का मुख्य ध्यान होने से वाहन क्षेत्र के साथ-साथ टायर उद्योग में भी वृद्धि को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, हम



देख रहे हैं कि स्वस्थ व्यापक आर्थिक कारकों के साथ-साथ बुनियादी ढांचे में निवेश के कारण घरेलू मांग मजबूत बनी रहेगी और निश्चित रूप से कुल मिलाकर इस समय अच्छा आर्थिक माहौल महसूस हो रहा है। सिंघानिया ने कुछ सकारात्मक कारकों के बारे में बताते हुए कहा कि माल ढुलाई की उपलब्धता लगातार बनी हुई है, जिससे वाणिज्यिक वाहन खंड को मदद मिल रही है।

# एससीआर ने मुनुमका-सतुलुर के बीच की विद्युतीकरण के साथ दोहरी लाइन शुरू की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/वार्ता।** दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) ने गुंटूर-गुंटकल दोहरीकरण और विद्युतीकरण परियोजना के हिस्से के रूप में 16.6 किलोमीटर की दूरी के लिए मुनुमका-सतुलुर के बीच एक दोहरी लाइन शुरू की है। यह खंड मुख्य रूप से आंध्र प्रदेश के पालनाडु जिले में पड़ता है। एससीआर की ओर से रविवार को जारी एक बयान में कहा गया कि इस खंड के दोहरीकरण के पूरा होने के साथ की गुंटूर-जग्गंबोटला कृष्णापुरम के बीच 176 किलोमीटर तक विद्युतीकरण के साथ-साथ निरंतर दोहरी लाइन की सुविधा प्राप्त होगी। गुंटूर-गुंटकल खंड आंध्र प्रदेश राज्य के गुंटूर शहर को रायलसीमा क्षेत्र और दक्षिणी हिस्से जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण रेल लिंक है। यह लाइन गुंटूर, प्रकाशम, पालनाडु, नंद्याल और कुरनूल जिलों से होकर भीतरी इलाकों को जोड़ती है।

उल्लेखनीय है कि इस खंड पर निर्बाध परिवहन प्रदान करने और भीड़भाड़ को कम करने के लिए वर्ष 2016-17 में 3887 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत के साथ 401 किलोमीटर की दूरी के लिए गुंटूर-गुंटकल दोहरीकरण और विद्युतीकरण परियोजना को मंजूरी दी गई थी। अब तक, नल्लापाडु-सतुलुर (32 किलोमीटर), मुनुमका-जग्गमबोटला कृष्णपुरम (122 किलोमीटर), बेतमचेरला-मलकापुरम (23 किलोमीटर) और धोने-गुंतकल (68 किलोमीटर) के बीच दोहरीकरण और विद्युतीकरण पहले ही पूरा हो चुका है। इसके साथ ही इस परियोजना का कुल 245 किलोमीटर का हिस्सा पूरा और चालू हो गया। अब, मुनुमका-सतुलुर के बीच 16 किलोमीटर का और काम पूरा होने के साथ, गुंटूर-गुंतकल खंड के विभिन्न खंडों पर कुल 261 किलोमीटर का दोहरीकरण कार्य पूरा हो गया है।

# केरल की वामपंथी सरकार निरंकुश और संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन करने वाली : राज्यपाल खान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने रविवार को राज्य की वामपंथी सरकार पर निशाना साधते हुए उसे ''निरंकुश'' और संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन करने वाली करार दिया।

राज्य सरकार ने राज्यपाल द्वारा कुछ विधेयकों पर हस्ताक्षर नहीं किए जाने को लेकर उच्चतम न्यायालय का रुख किया है।

खान ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि राज्य सरकार केरल उच्च न्यायालय के समक्ष खराब वित्तीय स्थिति होने का दावा करने के बाद धन का अपव्यय कर रही है। उन्होंने कहा, ''सरकार उच्च न्यायालय जाती है और कहती है कि खराब स्थिति है लेकिन हम उत्सव, बेतुके काम में संलिप्त रहेंगे और धन का अपव्यय



करेंगे।'' खान ने आरोप लगाया, ''आप निजी इस्तेमाल के लिये स्विमिंग पूल बना रहे हैं, लेकिन आप लोगों को पेंशन नहीं दे पा रहे हैं जिन्होंने पूरी जिंदगी राज्य की सेवा में लगा दी।'' पत्रकारों द्वारा केरल विस की ओर से पारित कुछ विधेयकों पर हस्ताक्षर नहीं करने के संबंध में सवाल करने पर, खान ने पूछा कि क्या प्रत्येक विवि में अलग-अलग कुलपतियों की नियुक्ति से जुड़े विधेयक पर कुछ खर्च आएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कुलपतियों की नियुक्ति की जिम्मेदारी विश्वविद्यालयों पर डाल रही है, लेकिन इन संस्थानों को धन राज्य और केंद्र से मिलता है।

# मारुति की बाजार मांग के लिहाज वाहन उत्पादन में 'लचीलापन' लाने की तैयारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) उभरती बाजार परिस्थितियों के हिसाब से अपनी उत्पादन प्रक्रियाओं में अधिक 'लचीलापन' लाना चाहती है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही है।

देश की सबसे बड़ी कार कंपनी प्रवेश स्तर की कारों के उत्पादन में कटौती करते हुए अधिक बिकने वाले यूटिलिटी वाहनों का उत्पादन बढ़ाने पर ध्यान दे रही है।

मारुति सुजुकी इंडिया के कॉरपोरेट मामलों के कार्यकारी अधिकारी राहुल भारती ने एक विश्लेषक कॉल में कहा, ''उपयोगिता (यूटिलिटी) और छोटी कार खंड के बीच मांग में अंतर जारी है। कंपनी बाजार की बढ़ती मांग के अनुरूप वाहनों का उत्पादन करने के लिए परिचालन में लचीलेपन को बढ़ाने पर काम कर रही है।'' उन्होंने कहा कि कंपनी के मार्जिन में हालिया गिरावट की वजह यह रही है कि वह कुछ कम बिकने वाली कारों का उत्पादन कर रही है। भारती ने कहा कि जिन कारों की मांग है, हमारे पास उनके उत्पादन के लिए पर्याप्त क्षमता नहीं है। यदि हमारे पास दोनों में लचीलापन होता, चाहे वह सेमीकंडक्टर आपूर्ति हो या घरेलू उत्पादन, तो शायद हमारे समक्ष ऐसी समस्या नहीं आती।'' एमएसआई के हरियाणा और गुजरात संयंत्रों की सालाना स्थापित क्षमता फिलहाल 23 लाख इकाई की है।

भारती ने कहा कि इस पहल की लागत काफी छोटी होती है। प्रवेश स्तर की कारों की बिक्री में गिरावट के बारे में उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में नियामकीय नियम गहन होने के साथ ऐसी कारों के अधिग्रहण की लागत बढ़ी है।

## जेएनयू के कुलपति आवास के बाहर प्रदर्शन करने पर 16 विद्यार्थियों को नोटिस

**नई दिल्ली/भाषा।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ (जेएनयूएसयू) के चार प्रतिनिधियों और 12 छात्रावास अध्यक्षों को कुलपति आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन करने के मामले में जांच में शामिल होने के लिए नोटिस मिला है। इस संबंध में प्रॉक्टर एन जनार्दन राजू की ओर से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है। छात्रों को पूछताछ के लिए सात नवंबर को प्रॉक्टर के सामने उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है।

कुलपति के आवास के बाहर 19 सितंबर को विरोध प्रदर्शन में इन छात्रों की भागीदारी को लेकर मुख्य सुरक्षा अधिकारी को शिकायत मिली थी, जिसके आधार पर जांच की जा रही है। नोटिस पाने वाले छात्रों में से 1 एवं जेएनयूएसयू अध्यक्ष आइशी घोष ने कहा, ''कम से कम पांच छात्रावासों में कई दिन तक पानी की आपूर्ति नहीं होने पर जेएनयूएसयू के छात्रों और छात्रावास अध्यक्षों ने कुलपति के आवास के बाहर प्रदर्शन किया था। आज भी, इनमें से कई छात्रावासों में पानी की किल्लत बनी हुई है।''

# कांग्रेस और भाजपा ने तेलंगाना के लिए गंभीरता से काम नहीं किया : मुख्यमंत्री राव



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के अध्यक्ष और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने रविवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्य के लिए गंभीरता से काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय दल राज्य के हितों की बेहतर तरीके से रक्षा कर सकते हैं।

खम्मम में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राव ने कहा कि जनता जानती है कि किसकी जीत तेलंगाना के लिए बेहतर है। उन्होंने कहा, ''भाजपा, कांग्रेस, दो दल हैं। क्या आपने कभी इन्हें तेलंगाना का झंडा बुलंद करते हुए देखा है? क्या उन्होंने तेलंगाना के संघर्ष को अपने कंधों पर उठाया? जब भी हमने (तेलंगाना के लिए संघर्ष) शुरू किया तब उन्होंने केवल हमें अपमानित किया, हम पर गोली चलाई और हमें कारागारों में डाल दिया।'' राव ने आरोप लगाया कि राज्य के कांग्रेस नेता दिल्ली में बैठे आलाकमान से निर्देश लेते हैं। उन्होंने कहा, ''क्या हमें भी दिल्ली के इन 'गुलामों' के अधीन गुलाम बनकर रहना चाहिए।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य में क्षेत्रीय दलों का युग आने वाला है और राज्य के हितों की तभी रक्षा की जा सकती है जब क्षेत्रीय दल किरदार हों। राव ने बीआरएस शासन के दौरान खम्मम शहर में हुई प्रगति को भी रेखांकित किया। सभा में राव ने मुसलमानों से कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस के 2004 से 2014 के कार्यकाल में केवल 900 करोड़ रुपये अल्पसंख्यकों के विकास पर खर्च किए गए जबकि बीआरएस सरकार ने पिछले साढ़े नौ साल में अल्पसंख्यकों के कल्याण पर 12 हजार करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

# सीआईएसएफ के जवान ने बचाई दिल्ली मेट्रो के यात्री की जान

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के एक जवान ने दिल्ली मेट्रो के एक स्टेशन पर बेहोश हुए 58 वर्षीय व्यक्ति को 'कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन' (सीपीआर) देकर उसकी जान बचाई। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। सीपीआर एक जीवनरक्षक तकनीक है जो सांस या हृदयगति रुक जाने जैसी आपात स्थितियों में जीवनरक्षक साबित हो सकती है। अधिकारी ने बताया कि यह घटना नांगलोई स्टेशन पर शनिवार को दोपहर करीब साढ़े बजे हुई।

अधिकारी के मुताबिक, स्टेशन के प्रवेश पर शारीरिक सुरक्षा जांच को पार करने के बाद व्यक्ति अचानक बेहोश हो गया। उन्होंने बताया कि ड्यूटी पर तैनात सीआईएसएफ कर्मी उत्तम कुमार ने यात्री को तुरंत सीपीआर दिया, जिसके बाद व्यक्ति को होश आ गया। अधिकारी ने बताया कि व्यक्ति को इसके तुरंत बाद पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया और उसके परिवार के सदस्यों को स्टेशन से ही सूचित कर दिया गया था तथा वे उसके साथ हैं।

# जम्मू-कश्मीर चुनाव के लिए गठबंधन पर अभी कोई फैसला नहीं : मुफ्ती

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**श्रीनगर/भाषा।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने रविवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में अन्य दलों के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ने पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

गांदरबल जिले में मुफ्ती से संवाददाताओं ने पूछा कि जम्मू-कश्मीर में जब भी चुनाव होंगे तो क्या उनकी पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) और कांग्रेस के साथ गठबंधन में लड़ेगी। इस पर उन्होंने कहा, ''अभी तक इस बारे में कोई निर्णय नहीं लिया गया है।'' घाटी में हाल में हुये आतंकी हमलों पर बात करते हुए मुफ्ती ने पूर्व पुलिस महानिदेशक की उस टिप्पणी पर खेद प्रकट किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि केंद्र शासित प्रदेश में स्थिति सामान्य है और पिछले चार वर्षों में आम आदमी (असैन्य



नागरिक) के हताहत होने की कोई घटना नहीं हुई है। हमलों में एक पुलिसकर्मी और एक गैर-स्थानीय मजदूर की हत्या कर दी थी और 1 अन्य पुलिसकर्मी पर हमला कर घायल कर दिया गया था। उन्होंने कहा, ''मुझे खेद है कि पूर्व डीजीपी ने हाल ही में गर्व से कहा कि जम्मू-कश्मीर में स्थिति सामान्य है और आम आदमी हताहत नहीं हुआ है, जबकि इसी दौरान तीन दिन में तीन आम लोगों को निशाना बनाया गया।'' उन्होंने पूछा, ''मैं समझ नहीं पा रही हूं कि उनके लिए आम आदमी को होने वाला नुकसान क्या है। जब एक पुलिसकर्मी या एक जवान या एक मजदूर मारा जाता है। अगर यह क्षति नहीं है, तो क्या है? कोकरनाग में क्या हुआ?''

# कांग्रेस, भाजपा केसीआर को तेलंगाना तक सीमित करने के लिए सांठगांठ कर रही: बीआरएस नेता रामा राव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष और मंत्री के. टी. रामाराव ने रविवार को कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आरोप लगाया कि दोनों दलों ने मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) को तेलंगाना तक सीमित करने के मकसद से उनकी हार सुनिश्चित करने के लिए सांठगांठ की है।

रामा राव ने 'पीटीआई-भाषा' को दिये एक विशेष साक्षात्कार में, 30 नवंबर को होने जा रहे तेलंगाना विधानसभा चुनाव में दौड़ से भाजपा के बाहर रहने का दावा करते हुए कहा कि बीआरएस (119 सदस्यीय विधानसभा में) आसानी से 88 से अधिक सीट पर जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि केसीआर लगातार तीसरी बार मुख्यमंत्री बनने वाले हैं और वह दक्षिणी राज्यों में ऐसे पहले नेता होंगे। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि आगामी चुनावों में सत्ता विरोधी लहर कुछ हद तक मौजूद है, जिससे इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में 10-15 प्रतिशत नाराज या असंतुष्ट लोगों का रहना कभी कोई परेशानी की बात नहीं होती है।



मेडिगड्डा बैराज के खंभों के डूबने के बारे में बात करते हुए रामा राव ने आरोप लगाया कि इस 'नुकसान' पर राष्ट्रीय बांध सुरक्षा प्राधिकरण द्वारा तेलंगाना सरकार को भेजा गया पत्र ''राजनीति से प्रेरित' है । उन्होंने कहा कि भाजपा उस किसी भी राज्य को 'बदनाम करने और निशाना बनाने के लिए कुख्यात' है जो उसके राजनीतिक विचारों का समर्थन नहीं करता। उन्होंने कहा, ''न तो भाजपा और न ही कांग्रेस को यह तथ्य पसंद आ रहा कि तेलंगाना के लोगों द्वारा केसीआर को तीसरा कार्यकाल दिये जाने की प्रबल संभावना है, जो निश्चित ही उनका हाथ मजबूत करेगा और उन्हें तेलंगाना के बाहर, संभवत: महाराष्ट्र, कर्नाटक और आंध्रप्रदेश में अपनी पार्टी का विस्तार करने में मदद करेगा।'' उन्होंने कहा, ''बेशक यह पसंद नहीं आयेगा क्योंकि उनका (केसीआर का) उभरना इन दलों की कीमत पर होगा। इसलिए वे (भाजपा, कांग्रेस) चाहेंगी कि केसीआर तेलंगाना में ही सिमट कर रह जाएं और यदि संभव हो तो तेलंगाना में उनकी हार हो जाए।'' उन्होंने कहा, ''यही उनका एजेंडा है , इसलिए वे अतीत में भी साठगांठ कर चुके हैं, वे फिर साठगांठ करेंगे, ताकि केसीआर तेलंगाना तक ही सीमित रह जाएं।''

# स्टालिन ने की कुमार के परिवार को तीन लाख रुपये देने की घोषणा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने रविवार को राज्य के मेडिकल छात्र एम. मदन कुमार के शोक संतप्त परिवार को तीन लाख रुपये की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की, जो झारखंड में एक छात्रावास के पास मृत पाया गया था।

इसके साथ स्टालिन ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी घटना की विस्तृत जांच का आदेश देने और छात्र की मौत के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए लिखा। यहां एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि झारखंड में राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के छात्र मेडिको एम. मदन कुमार गुरुवार को संस्थान में एक छात्रावास भवन के पास जली हुई अवस्था में मृत पाया गया था।

छात्र के शव को नमक्कल जिले के उनके पैतृक गांव वेलागौंडमपट्टी लाया गया और उनका अंतिम संस्कार किया गया। स्टालिन ने उनके निधन पर गहरा दुख और शोक व्यक्त किया तथा मुख्यमंत्री जन राहत कोष से तीन लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा की।

## स्टालिन ने तमिलनाडु के छात्र की मौत की जांच के लिए सोरेन को लिखा पत्र



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार ने झारखंड सरकार से रांची में तमिलनाडु के एक मेडिकल छात्र की रहस्यमय मौत की उचित जांच कराने की मांग की है। तमिलनाडु के नमक्कल जिले के स्नातकोत्तर मेडिकल कॉलेज के दूसरे वर्ष के छात्र एम मदन कुमार की मौत पर शोक व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर कुमार की मौत की उचित जांच के लिए कहा है।

स्टालिन ने यहां एक बयान में कहा, मैंने जांच में तेजी लाने और छात्र को न्याय सुनिश्चित करने के लिए झारखंड के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। उन्होंने बताया कि राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के 28 वर्षीय छात्र एम मदन कुमार का शव उसके छात्रावास के पीछे जला हुआ पाया गया था।

स्टालिन ने कहा, मैं मदन कुमार की मौत की खबर सुनकर बहुत व्यथित हूं। राज्य सरकार ने व्यवस्था की और छात्र के पार्थिव शरीर को उसके गृहनगर लाया गया। उन्होंने बताया कि राज्य के वन मंत्री एम मतिवेंदन और जिला कलेक्टर ने शनिवार को छात्र को श्रद्धांजलि दी। स्टालिन ने मृतक के परिवार को तीन लाख रुपये देने की घोषणा की।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ आईओबी का सतर्कता जागरूकता वॉकथॉन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) ने रविवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन पर शहर के बेसेंट नगर समुद्र तट पर एक वॉकथॉन का आयोजन किया, जिसमें भ्रष्टाचार से निपटने और देश के उज्ज्वल भविष्य को बढ़ावा देने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता प्रदर्शित की गई। आईओबी की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि वॉकथॉन सतर्कता जागरूकता सप्ताह को चिह्नित करने वाला एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम था और इसमें भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए बैंक के अटूट दृढ़ संकल्प का प्रतीक था।

सतर्कता जागरूकता वॉकथॉन ने जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों को एक स्पष्ट संदेश देने के लिए एकजुट किया – 'भ्रष्टाचार को ना कहें और राष्ट्र के लिए प्रतिबद्ध रहें।'

इसमें बैंक के एमडी और सीईओ अजय कुमार श्रीवास्तव तथा सीवीओ राजीव कुमार सहित आईओबी के गणमान्य व्यक्ति, केंद्रीय कार्यालय और चेन्नई के क्षेत्रीय कार्यालय के कई अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।



## बंडीपुर में वन विभाग के कर्मियों के साथ गोलीबारी में मारा गया संदिग्ध शिकारी

**चामराजनगर।** बंडीपुर बाघ अभयारण्य में वन विभाग कर्मियों और 1 गिरोह के बीच गोलीबारी के दौरान 1 संदिग्ध शिकारी की मौत हो गयी। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, घटनास्थल से एक बंदूक और सांभर हिरण के कटे हुए अंग जब्त किए गए तथा आगे की जांच जारी है। यह घटना बाघ अभयारण्य के मद्दूर रेंज में हुई। अधिकारियों ने कहा कि आधी रात के करीब इलाके में गश्त कर रहे कर्मियों ने गोलियों की आवाज सुनी, जिसके बाद वन विभाग और अवैध शिकार की रोकथाम से संबंधित शिविर के कर्मियों की एक टीम को मौके पर भेजा गया।

# तेलंगाना में सोना, नकदी, शराब, 'मुफ्त उपहार' जब्त

हैदराबाद। तेलंगाना में कानून प्रवर्तक एजेंसियों ने नौ अक्टूबर को आचार संहिता लागू होने के बाद से रविवार तक 490 करोड़ रुपये के मूल्य की नकदी, सोना, शराब और अन्य चीजें जब्त कीं। तेलंगाना के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने एक बयान जारी कर बताया कि कुल 173.3 करोड़ रुपये की नकदी, 282 किलोग्राम सोना, 1,167 किलोग्राम चांदी, 176 करोड़ रुपये की अन्य मूल्यवान वस्तुएं, 60 करोड़ रुपये की शराब, 28.6 करोड़ रुपये का गांजा और वितरित करने के लिए 52.5 करोड़ रुपये की कीमत की अन्य चीजें जब्त की गईं हैं।



रविवार को मैसूरु में एक बैठक के दौरान दशहरा को सफल बनाने के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री सिद्दरामैया।

## अधिकारी समर्पण भाव से कार्य करें तो प्रभावी विकास होता है
## अधिकारियों के संयुक्त प्रयास से सफल हुआ दशहरा, मुख्यमंत्री ने की सराहना

# विकास में मैसूर को नंबर 1 होना चाहिए : सिद्दरामैया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने जनता की किसी भी शिकायत के बिना दशहरा को सफल बनाने में जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा किए गए संयुक्त प्रयासों और कार्यों के वितरण की सराहना की। जिला स्तर के अधिकारियों के लिए आयोजित पार्टी में उन्होंने दशहरा की सफलता में योगदान देने वाले सभी लोगों को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि अधिकारी समर्पण भाव से कार्य करें तो प्रभावी विकास संभव है। अधिकारी जनता से घुल-मिल जाएंगे तो उनकी लोकप्रियता भी बढ़ेगी। वे लोगों की समस्या भी समझ सकते हैं। मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि समस्याओं को ठीक से समझने पर उनका समाधान प्रभावी ढंग से किया जा सकता है। मैसूरु दशहरा विश्व स्तर पर प्रसिद्ध है। दशहरा लोगों का त्योहार है। इसलिए लोगों की भागीदारी बहुत जरूरी है। इस बार भी जश्न सफल रहा। उन्होंने लोगों के साथ प्रारंभिक बैठकें करने और अगले वर्ष दशहरा को और अधिक सार्थक बनाने का आह्वान किया। विकास तभी संभव है जब अधिकारियों को जनता के प्रति सच्ची चिंता हो। पिछले पांच साल में मैसूर में कोई विकास नहीं हुआ। इसलिए मुख्यमंत्री ने पूरे मैसूर जिले के विकास का खाका तैयार करने का निर्देश दिया।

**नलवाड़ी उर्स मॉडल :**

मैसूरु में अतीत के विकास के गौरव को पुनर्जीवित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, नलवाड़ी कृष्णराज वोडेयार और देवराज उर्स द्वारा सिंचाई, कृषि, सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में किया गया विकास हमारे लिए आदर्श होना चाहिए। कल्याण सहित सभी विकास कार्य हमारे लिए आदर्श बनें। उन्होंने कहा कि उनके समय के विकास का गौरव जिले में दोहराया जाये। मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने जिला अधिकारियों को मैसूर को विकास में नंबर एक स्थान पर ले जाने का लक्ष्य दिया। मैसूरु को शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, शहरी विकास और सामाजिक कल्याण सहित सभी क्षेत्रों में विकास में नंबर 1 बनना चाहिए। आप इस लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में सभी से सहयोग का अनुरोध किया। इस अवसर पर जिला प्रभारी मंत्री एचसी महादेवप्पा ने सभी अधिकारियों को सामूहिक प्रयास के लिए बधाई दी और सुझाव दिया कि सरकारी कार्यक्रमों को लोगों तक पहुंचाने के दौरान भी इसी तरह के संयुक्त प्रयास दिखाए जाने चाहिए।

# महिला भूविज्ञानी की गला रेतकर हत्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बेंगलूरु में खान एवं भूविज्ञान विभाग में वरिष्ठ भूविज्ञानी के रूप में काम कर रही एक महिला की यहां उनके आवास पर कथित रूप से हत्या कर दी गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, मृत महिला की पहचान 43 वर्षीय के. एस. प्रतिमा के रूप में हुई है।

अधिकारियों को संदेह है कि घटना शनिवार रात की है, जब वह सुब्रमण्यापुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले डोड्डाकलासंद्रा इलाके में अपने आवास पर लौटी थीं। पुलिस के मुताबिक, महिला की मौत गला घोंटने और गला रेतने से हुई है।

बेंगलूरु शहर के दक्षिणी संभाग के पुलिस उपायुक्त राहुल कुमार शाहपुरवाड ने यहां संवाददाताओं को बताया, 'रोजाना की तरह प्रतिमा (मृतका) शनिवार रात को करीब आठ बजे घर लौटीं थीं। जब प्रतिमा ने देर रात और



आज (रविवार) सुबह अपने बड़े भाई के फोन का जवाब नहीं दिया, तो वह अपनी बहन को ढूंढने के लिए उसके घर गए, जहां उन्हें हत्या की जानकारी हुई। उन्होंने पुलिस को सूचित किया।'

अधिकारी ने बताया, 'फॉरेंसिक और तकनीकी टीम घटनास्थल पर काम कर रही हैं। जांच के लिए तीन टीम गठित की गई हैं। एक बार हमें मालूम हो जाए कि आखिर वास्तव में हुआ क्या था, उसके बाद अधिक जानकारी साझा की जाएगी।' उपायुक्त ने बताया कि प्रतिमा पिछले चार वर्षों से बेंगलुरु शहर में काम कर रही थीं और वह उतने समय से ही उसी घर में अकेली रह रही थीं। उन्होंने बताया, 'मौत गला घोंटे जाने और गला रेत दिये जाने के कारण हुई।' अधिकारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि घर में किसी प्रकार के आभूषण और अन्य बेशकीमती वस्तुओं की चोरी नहीं हुई है।

घटना को लेकर पूछे गए एक सवाल पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने मैसूरु में कहा कि हत्या के मामले की जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि अभी हत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। उन्होंने कहा, 'मुझे अभी इसकी जानकारी मिली है। हम इसकी जांच करेंगे। ऐसा प्रतीत होता है कि वह घर (बेंगलूरु) में अकेली रहती थीं, जबकि उनका पति अपने गांव में रहता है। हत्या के कारणों का अभी पता नहीं चला है, हम मामले की जांच कराएंगे।' सूत्रों के मुताबिक, मृतका का पति शिव्वमोगा जिले के तीर्थहल्ली में रहता है।

## दशहरा लाइटिंग



मैसूरु में रविवार को दशहरा लाइटिंग के आखिरी दिन लोगों का आकर्षण रहा। दशहरा के मूड को देखने के लिए आई बारिश का भी लोगों ने खूब आनन्द उठाया।

## पाकिस्तान के खिलाड़ियों पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना

**बेंगलूरु।** पाकिस्तान के खिलाड़ियों पर न्यूजीलैंड के खिलाफ शनिवार को यहां खेले गए विश्व कप के लीग मैच में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। पाकिस्तान ने बारिश से प्रभावित इस मैच में डकवर्थ लुईस पद्धति से 21 रन से जीत दर्ज करके विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने विज्ञप्ति में कहा, ''एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल के मैच रेफरी के रिची रिचर्डसन ने पाया कि बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम ने निर्धारित समय में दो ओवर कम किए हैं इसके बाद उन्होंने टीम के खिलाड़ियों पर यह जुर्माना लगाया। ''

# भाजपा कर्नाटक में मुख्यमंत्री बदले जाने के बारे में भ्रम पैदा कर रही : सिद्दरामैया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। कर्नाटक में मुख्यमंत्री बदले जाने के संबंध में भाजपा पर भ्रम पैदा करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने रविवार को कहा कि उन्होंने अपने कैबिनेट सहयोगियों से इस मुद्दे पर कोई बयान नहीं देने और इसके बजाय अपने-अपने विभागों तथा 2024 के लोकसभा चुनावों पर ध्यान केंद्रित करने को कहा है।

उन्होंने यह भी दावा किया कि 'भाजपा और जनता दल (एस) हताश' हैं क्योंकि मई में विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद सरकार बनाने का उनका सपना पूरा नहीं



हुआ। पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में सिद्दरामैया ने कहा, 'भाजपा और जद(एस) हताश हैं। उन्होंने मिलकर सरकार बनाने के बारे में सोचा था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ, इसलिए वे निराश हैं।'

भाजपा पर मुख्यमंत्री बदले जाने को लेकर भ्रम पैदा करने का आरोप लगाते हुए सिद्दरामैया ने कहा, वे लोग ही हैं, जो ऐसा कर रहे हैं...मैंने अपने सहयोगियों से कहा है कि वे इस बारे में न ही कुछ बोलें और ना ही कोई टिप्पणी करें। कल, मैंने संसदीय चुनावों पर चर्चा के लिए बैठक बुलाई थी। मैंने उनसे यह भी कहा है कि वे केवल अपने संबंधित विभागों पर ध्यान केंद्रित करें।

कर्नाटक में जब से कांग्रेस सरकार सत्ता में आई है, 'कांग्रेस पार्टी के भीतर मुख्यमंत्री बदले जाने को लेकर दावे और प्रतिदावे होते रहे हैं, जिसमें कहा गया है कि सिद्धरमैया को ढाई साल बाद उप मुख्यमंत्री और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार के लिए पद छोड़ना पड़ेगा।'

# 'कांग्रेस, भाजपा केसीआर को तेलंगाना तक सीमित करने के लिए सांठगांठ कर रही'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हैदराबाद। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष और मंत्री के. टी. रामाराव ने रविवार को कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आरोप लगाया कि दोनों दलों ने मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) को तेलंगाना तक सीमित करने के मकसद से उनकी हार सुनिश्चित करने के लिए सांठगांठ की है। रामा राव ने 'पीटीआई-भाषा' को दिये एक विशेष साक्षात्कार में, 30 नवंबर को होने जा रहे तेलंगाना विधानसभा चुनाव में दौड़ से भाजपा के बाहर रहने का दावा करते हुए कहा कि बीआरएस (119 सदस्यीय विधानसभा में) आसानी से 88 से अधिक सीट पर जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि केसीआर लगातार तीसरी बार मुख्यमंत्री बनने वाले हैं और वह दक्षिणी राज्यों में ऐसे पहले नेता होंगे।

उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि आगामी चुनावों में सत्ता विरोधी लहर कुछ हद तक मौजूद है, जिससे इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में 10-15 प्रतिशत नाराज या असंतुष्ट लोगों का रहना कभी कोई परेशानी की बात नहीं होती है। मेडिगड्डा बैराज के खंभों के डूबने के बारे में बात करते हुए रामा राव ने आरोप लगाया कि इस 'नुकसान' पर राष्ट्रीय बांध सुरक्षा प्राधिकरण द्वारा तेलंगाना सरकार को भेजा गया पत्र ''राजनीति से प्रेरित' है । उन्होंने कहा कि भाजपा उस किसी भी राज्य को 'बदनाम करने और निशाना बनाने के लिए कुख्यात' है जो उसके राजनीतिक विचारों का समर्थन नहीं करता।

उन्होंने कहा, ''न तो भाजपा और न ही कांग्रेस को यह तथ्य पसंद आ रहा कि तेलंगाना के लोगों द्वारा केसीआर को तीसरा कार्यकाल दिये जाने की प्रबल संभावना है, जो निश्चित ही उनका हाथ मजबूत करेगा और उन्हें तेलंगाना के बाहर, संभवत: महाराष्ट्र, कर्नाटक और आंध्रप्रदेश में अपनी पार्टी का विस्तार करने में मदद करेगा।'' उन्होंने कहा, ''बेशक यह पसंद नहीं आयेगा क्योंकि उनका (केसीआर का) उभरना इन दलों की कीमत पर होगा। इसलिए वे (भाजपा, कांग्रेस) चाहेंगी कि केसीआर तेलंगाना में ही सिमट कर रह जाएं और यदि संभव हो तो तेलंगाना में उनकी हार हो जाए।'' उन्होंने कहा, ''यही उनका एजेंडा है , इसलिए वे अतीत में भी साठगांठ कर चुके हैं, वे फिर साठगांठ करेंगे।

## शोभायात्रा



रविवार को चिक्कमगलूर में दत्तमाला अभियान के तहत श्रीरामसेना के कार्यकर्ताओं ने शोभायात्रा निकाली।





# सात गारंटी से प्रदेशवासियों को मिलेगा सामाजिक और आर्थिक सम्बल : गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नागौर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने नागौर के सर्वांगीण विकास में कोई कमी नहीं रखी है। जिले में जनप्रतिनिधि व कांग्रेस प्रत्याशी विजयपाल मिर्धा के नेतृत्व जनभावना के अनुसार उपजिला अस्पताल, सामुदायिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, तहसील, सरकारी गल्र्स कॉलेज, अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, उपज मंडी, सहायक निदेशक कृषि कार्यालय, नई सड़कें और नवीनीकरण सहित विभिन्न विकास कार्य कराए हैं।

गहलोत ने कहा कि 5 वर्षों में कांग्रेस सरकार द्वारा कराए कार्यों का सिलसिला अब रूकने वाला नहीं है। जनसमर्थन से ही फिर राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बनेगी और योजनाओं का लाभ निरंतर मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों को मिले योजनाओं के लाभ से राजस्थान की चर्चा देशभर में है। अब तो कई राज्यों में राजनैतिक पार्टियां अपने चुनावी घोषणा पत्रों और योजनाओं में हमारी योजनाओं का अनुसरण करने लगी हैं। मुख्यमंत्री रविवार को नागौर के डेगाना स्थित भैरूंदा में ''कांग्रेस गारंटी संवाद'' के तहत आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी योजनाओं से राज्य का प्रत्येक परिवार लाभान्वित हुआ है, जिससे उन्हें महंगाई की मार से राहत मिली है। अभी 500 रुपए में गैस सिलेंडर, 25 लाख रुपए तक का चिकित्सा बीमा, घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को 100 यूनिट और कृषि उपभोक्ताओं को 2000 यूनिट निःशुल्क बिजली प्रावधान, निःशुल्क फूड पैकेट, लम्पी रोग में मृत प्रति गाय पर 40 हजार रुपए की सहायता राशि, महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की शुरुआत, मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना, रोडवेज बसों में महिलाओं का आधा किराया, राजकीय कर्मचारियों के सुरक्षित भविष्य के लिए फिर से ओपीएस की शुरुआत की गई। इंदिरा रसोई योजना, इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना जैसी जनोपयोगी योजनाओं के माध्यम से आम आदमी को राहत प्रदान की है।

गहलोत ने कहा कि राजस्थान में 1 करोड़ लोगों को न्यूनतम 1000 रुपए सामाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराई जा रही है। प्रदेशवासियों को 25 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा दिया जा रहा है। इसमें प्रत्येक व्यक्ति का बीमा कर राजस्थान स्वास्थ्य सेवाओं में देश का सिरमौर बन गया है।

अब प्रधानमंत्री को भी देशभर में राजस्थान जैसी योजनाएं एक समान लागू करनी चाहिए, ताकि जरूरतमंदों को सामाजिक और आर्थिक सम्बल मिल सके। उन्होंने कहा कि आज राजस्थान आर्थिक, सामाजिक, शैक्षिक तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में देशभर में अग्रणी है। गहलोत ने कहा कि नागौर जिला देश में अलग पहचान रखता है। यहीं से पंचायती राज की स्थापना हुई थी। भारत को मिली स्वतंत्रता में भी नागौर की अहम भूमिका रही। अब हम सभी को मिलकर विधानसभा चुनावों में 25 नवंबर को कांग्रेस के लिए मतदान करना है, ताकि योजनाओं का लाभ मिलता रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने वर्ष 2018 में चुनावों से पहले जनघोषणा पत्र में किए वादों को निभाया है। आपके विश्वास पर आगे भी खरे उतरेंगे।

गहलोत ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने राजस्थान को 2030 तक नंबर 1 बनाने के लिए 3.32 करोड़ लोगों की राय के अनुसार विजन-2030 डॉक्यूमेंट तैयार किया है। यह राजस्थान की प्रगति के लिए बड़ा कदम साबित होगा।

## भाजपा ने 15 उम्मीदवारों की पांचवीं सूची जारी की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भाजपा ने 25 नवंबर को होने वाले राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए रविवार को 15 उम्मीदवारों की एक और सूची जारी की जिसमें कुछ नए चेहरे शामिल हैं। पार्टी ने मावली (उदयपुर) से मौजूदा विधायक धर्मनारायण जोशी का टिकट काटकर, उनकी जगह केजी पालीवाल को मैदान में उतारा है। पार्टी ने पहले घोषित दो उम्मीदवारों को भी बदल दिया। इस तरह अब तक घोषित उम्मीदवारों की कुल संख्या 197 हो गई है। पार्टी ने अभी तक बाड़मेर, पचपदरा और बाडी सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है।

पार्टी द्वारा मैदान में उतारे गए नए चेहरों में सिविल लाइंस से गोपाल शर्मा, आदर्श नगर से रवि नैय्यर और कांग्रेस शासन के दौरान बेरोजगार युवाओं के मुद्दों पर प्रदर्शन करने वाले उपेन यादव शामिल हैं। पार्टी ने दो नवंबर को जारी तीसरी सूची में पूर्व मंत्री देवी सिंह भाटी की बहू पूनम कंवर भाटी को कोलायत (बीकानेर) से और बारां-अटरू सीट से सारिका चौधरी को टिकट देने की घोषणा की थी। हालांकि, आज जारी पांचवी सूची में कोलायत सीट से पूनम कंवर भाटी की जगह उनके बेटे अंशुमान सिंह भाटी को टिकट दिया गया है और बारां-अटरू सीट से सारिका चौधरी की जगह राधेश्याम बैरवा को टिकट दिया गया है।

हनुमानगढ़ से अमित चौधरी, किशनपोल से चंद्रमोहन बटवाड़ा, भरतपुर से विजय बंसल, सरदारशहर से पूर्व विधायक राजकुमार रिणवा, कोटा उत्तर से प्रहलाद गुंजल और शेरगढ़ से बाबू सिंह राठौड़ को मैदान में उतारा गया है। शाहपुरा, राजाखेड़ा, मसूदा और पीपल्दा सीटों के लिए भी उम्मीदवारों की घोषणा की गई है। पत्रकार गोपाल शर्मा को जयपुर की सिविल लाइंस सीट से कांग्रेस प्रत्याशी और मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के खिलाफ मैदान में उतारा गया है। पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल को कोटा उत्तर सीट से पार्टी का उम्मीदवार बनाया गया है। इस सीट से संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल विधायक हैं। कांग्रेस ने अभी तक इस सीट के लिए अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। गुंजल पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के करीबी हैं। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख छह नवंबर है।

## कांग्रेस ने 23 उम्मीदवारों की छठी सूची जारी की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर । राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए केवल तीन सप्ताह शेष रहने पर कांग्रेस ने शनिवार को 23 उम्मीदवारों की अपनी छठी सूची जारी की।पार्टी ने भरतपुर विधानसभा क्षेत्र की सीट राष्ट्रीय लोक दल के लिए छोड़ दी।कांग्रेस ने संगरिया विधानसभा सीट से अभिमन्यु पूनिया, भादरा विधानसभा सीट से अजीत बेनीवाल, दांता रामगढ़ से वीरेंद्र सिंह को मैदान में उतारा है।कांग्रेस ने आहोर से सरोज चौधरी, लाडपुरा से नईमुद्दीन गुड्डु, सूरसागर से शहजाद खान, शेरहरह विधानसभा सीट से मीना कंवर को उम्मीदवार बनाया है।इन 23 सीटों के साथ कांग्रेस ने अब तक 179 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की है, जिसमें एक रालोद की सीट भी शामिल है।31 अक्टूबर को कांग्रेस ने 56 उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी की और फिर उसी दिन पांचवीं सूची में पांच उम्मीदवारों की घोषणा की।26 अक्टूबर को पार्टी ने अपनी तीसरी सूची में 19 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए थे।कांग्रेस ने इससे पहले 21 और 22 अक्टूबर को क्रमशः 33 और 43 उम्मीदवारों के साथ राजस्थान के लिए दो सूचियां जारी की थीं।200 सदस्यीय राजस्थान विधानसभा के लिए मतदान 25 नवंबर को पुनर्निर्धारित किया गया है और वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी।कांग्रेस राजस्थान में लगातार दूसरे कार्यकाल पर नजर गड़ाए हुए है और उसने रेगिस्तानी राज्य में कई जन-समर्थक योजनाएं शुरू की हैं और सात गारंटी की भी घोषणा की है।

## नामांकन के दौरान हथियारों की नुमाइश पर पांच लोग गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अलवर। राजस्थान में आगामी विधानसभा आम चुनाव में अलवर जिले के रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी एवं मेवात विकास बोर्ड के अध्यक्ष जुबेर खान के नामांकन के दौरान रामगढ़ थाने के बाहर हथियारों की नुमाइश कर चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। शनिवार को थाने के बाहर आधा घंटे तक इस तरह आचार संहिता का उल्लंघन किये जाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होने पर मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक ने नाराजगी व्यक्त करते हुए पुलिस को फटकार लगाई, उसके बाद हरकत में आई रामगढ़ पुलिस ने पांच लोगों को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने रामगढ़ थाने में इस संबंध में मामला दर्ज कर आरोपी ललतादास निवासी वृंदावन ठटरिया स्थान मथुरा चौकी, थाना वृंदावन कोतवाली उत्तरप्रदेश. ,छबीलादास निवासी हाठ गाँव थाना गोंवर्धन उत्तरप्रदेश , बृजराज दास निर्वाणी अखाड़ा थाना वृंदावन मथुरा , हनुमानदास निवासी बहोरिकपुर-2 थाना जहाँनगंज तहसील फरूखाबाद उत्तर प्रदेश एवं चरण दास उर्फ त्यागी महाराज निवासी आश्रम रसगन थाना नौगावा जिला अलवर, राजस्थान को गिरफ्तार किया गया

## देश की पहली सबसे बड़ी घोड़े पर सवार शिवाजी की प्रतिमा मुंबई में होगी स्थापित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। देश में धातु से बनी पहली सबसे बड़ी तीस फीट ऊंची घोड़े पर सवार छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा इसी महीने में महाराष्ट्र के मुंबई में स्थापित होगी वहीं जयपुर में 108 फीट ऊंची भगवान परशुराम की मूर्ति बनाई जा रही है जो उत्तरप्रदेश में स्थापित की जायेगी। धातु की मूर्ति बनाने के लिए विश्व प्रसिद्ध मूर्तिकार राजकुमार पंडित इन प्रतिमाओं को तैयार कर रहे हैं। पंडित ने बताया कि करीब दो साल में तैयार की गई धातु से निर्मित देश की पहली घोड़े पर सवार सबसे बड़ी छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा करीब दो साल से तैयार की जा रही है और इस महीने में यह पूरी तरह बनकर तैयार हो जायेगी जिसे इसी माह मुंबई में स्थापित की जायेगी। लगभग 12 टन वजनी इस मूर्ति को बनाने में 30 कारीगर रात दिन एक करके कड़ी मेहनत के बाद इसे तैयार किया है।

राजकुमार पंडित जयपुर के आकेड़ा डूंगर में 108 फुट ऊंची भगवान परशुराम की मूर्ति बना रहे है, जिसका वजन करीब 40 टन होगा। यह मूर्ति उतरप्रदेश में स्थापित होगी। साथ ही जयपुर में ही रामायण का लेखन करते स्वामी तुलसीदास की 12 फीट ऊंची बैठने की मुद्रा में मूर्ति बनाई जा रही है। यह प्रतिमा उत्तरप्रदेश चित्रकूट जिले में लगेगी। उन्होंने बताया कि उत्तरप्रदेश में कानपुर देहात में रानी लक्ष्मीबाई, आगरा में महाराजा सूरजमल एवं हाथरस जिले में स्वतंत्रता सेनानी मलखान सिंह की 12-12 फीट की धातु से बनीं मूर्तियां लगाई जायेगी, जिसे वह यहां जयपुर में तैयार कर रहे है। इनके निर्माण के लिए उनकी 30 सदस्यीय टीम काम कर रही है।

इसके अलावा राजकुमार पंडित को 18 देशों से धातु की मूर्तियों के प्रोजेक्ट मिले हैं। जिसमें अमरीका में अरबपति निवेशक चार्ली मुंगेर और उद्योगपति वारेन बफे की 10-10 फीट ऊंची मूर्तियां बनाकर भेजने के बाद अब इन दोनों उद्योगपतियों की 10-10 फीट और मूर्तियां बनाने का आर्डर दुबारा मिला है। ये मूर्तियां इनके 10 देशों में संचालित कार्यालयों में स्थापित की जायेगी। राजकुमार पंडित की इस कला की चमक अब विदेशों में पहुंच गई और देश के बाहर से भी धातु की मूर्तियां बनाने की मांग बढ़ने लगी हैं। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित देश के कई प्रसिद्ध नेताओं के धातु के पोर्ट्रेट बना चुके राजकुमार पंडित ने जीवन की विपरीत परिस्थितियों के बाद भी अपने हुनर की चमक पूरी दुनिया में बिखेरी है।

राजस्थान विधानसभा का अशोक स्तंभ, जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम के बाहर अर्जुन की प्रतिमा, घोड़े पर सवार छत्रपति शिवाजी, जयपुर का ही पीकॉक गार्डन एवं कोटा में रिवर फ्रंट एवं सिटी पार्क एवं जयपुर में राजभवन में स्थित संविधान पार्क में कई धातु की मूर्तियां राजकुमार पंडित ने बनाई हैं, जिन्हें देखकर यहां आने वाले लोग प्रशंसा किए बिना नहीं रहते। उन्होंने कोटा में लगी प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 42 फीट ऊंची मास्क प्रतिमा, 45 फीट का फाउंटेन, नेहरु-गांधी, स्वामी विवेकानंद, नेचरमैन सहित कई मूर्तियां बना चुके है।



## कांग्रेस विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा भाजपा में हुए शामिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर । कांग्रेस विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा भाजपा में शामिल हो गए है । केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत जी और चुनाव प्रबंधन समिति संयोजक नारायण पंचारिया के नेतृत्व में मलिंगा ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की ।माना जा रहा है कि गिर्राज सिंह मलिंगा को भाजपा अपना प्रत्याशी बना सकती है ।

कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि भाजपा स्थापना के समय से एक लक्ष्य को लेकर तय मार्ग पर काम कर रही है। अगर देश में कोई पार्टी देश में एक विचारधारा को लेकर काम कर रही है तो वह भारतीय जनता पार्टी ही है। एक विचारधारा, एक लक्ष्य के साथ निरन्तर प्रगति के साथ आगे बढ़ने की सोच के चलते ही आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनकर सामने आई है। हमारा लक्ष्य सबका साथ और सबका विकास है। इस लिए मोदी की नीति और सोच के साथ चलने वालों का पार्टी सदैव स्वागत करती है।

भाजपा की सदस्यता गृहण करने के बाद गिर्राज सिंह मलिंगा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में मुझे परेशान किया जा रहा है। सीएम की दवाब वाली राजनीति के चलते मेरे खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज करवाया गया।

एईएन और जेईएन मारपीट मामले में मुझे आरोपी बनाकर एफआईआर दर्ज करवाई गई उसमें भी राजनीति हुई है। दिन में 1.20 बजे इस मामले को लेकर एक रिपोर्ट दर्ज हो जाती है, इसके 12 घंटे बाद पर्चा बयान के आधार पर मेरा नाम जोड़ते हुए एफआईआर दर्ज करवा दी गई। इस मामले को लेकर जब जांच बदलवाने की मांग की गई तो कांग्रेस विधायक होने के बावजूद मुख्यमंत्री ने मेरी नहीं सुनी। ऐसे में भाजपा में मोदी जी की रीतिनीति देखकर, भाजपा की सोच के साथ कार्य करने की इच्छा रखते हुए आज भाजपा पार्टी ज्वाइंन कर ली।

## बिसलपुर बांध से नहरों में पानी नहीं छोड़ने पर गांव बन्द आन्दोलन

जयपुर। राजस्थान के टोंक जिले में स्थित बिसलपुर बांध से जिले के किसानों को सिंचाई के लिए नहरों में पानी नहीं छोड़ने पर रविवार सुबह एक दिन का गांव बंद आंदोलन शुरु किया गया। किसान महापंचायत युवा प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद चौधरी ने बताया कि गांव बंद के आह्वान के बाद जिले के 256 गांव बंद रहे और इसके तहत नगरफोर्ट तहसील के खेड़ा हाथीभाटा के महिला किसानों ने गांव बंद कर पानी नहीं तों वोट नहीं की नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि किसानों की मांग है कि बिसलपुर बांध से नहरों में चार टीएमसी पानी सिंचाई के लिए दिया जा सकता है।

किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने बताया कि किसानों को बिसलपुर बांध से सिंचाई के लिए नहरों में पानी छोड़ने की मांग को लेकर गत दो नवम्बर को टोंक ज़िला मुख्यालय पर किसानां ने पड़ाव डाला था और बाद में जिला प्रशासन के साथ बात होने पर दो दिन में पानी छोड़ने का समय देते हुए पड़ाव स्थगित कर दिया गया था लेकिन प्रशासन ने किसानों की मांग पर कोई ध्यान नहीं देने पर गांव बंद का आह्वान किया गया जिसमें एक दिन के लिए 256 गांव बंद रखे गए। जाट ने बताया कि टोंक एवं उनियारा विधानसभा क्षेत्रों के 256 गांव बंद रखे गए जिसके तहत गांव के लोग गांव में रहे और गांव के बाहर नहीं गये।



## जेजेपी ने जारी की तीसरी लिस्ट, अब तक 14 उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए जननायक जनता पार्टी ने अपनी प्रत्याशियों की तीसरी सूची जारी कर दी हैं। जेजेपी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला की स्वीकृति के बाद पार्टी ने तीसरी लिस्ट में चार और मजबूत प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की।

जेजेपी ने भादरा विधानसभा क्षेत्र से कार्तिकेय चौधरी, नीमका थाना से रघुवीर सिंह तंवर, बगरू सीट से हरीश डाबी और महवा से डॉ आशुतोष झालानी को टिकट दी हैं। इससे पहले जेजेपी अपने प्रत्याशियों की पहली और दूसरी सूची में 10 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है।

राजस्थान में जननायक जनता पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता के चलते निरंतर विभिन्न दलों को छोड़कर नए मजबूत राजनीतिक एवं मौजिज लोगों का पार्टी में शामिल होने का सिलसिला निरंतर जारी है।

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की मौजूदगी में शनिवार को अजमेर जिले के दिग्गज किसान नेता जीवराज जाट ने जेजेपी ज्वाइन की। जीवराज जन समाज सेवक संस्था के प्रदेशाध्यक्ष हैं। वे शिवसेना के अजमेर संभाग के प्रभारी भी रह चुके हैं।

इससे पहले आरक्षित समाज पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष हरिश डाबी ने भी अपने समर्थकों हाजी जमील अहमद, बृजेश डाबी, नोरबर्ट बैनट, रितेश सहित कई लोगों ने जेजेपी में शामिल होने की घोषणा की।

जेजेपी ने हरिश डाबी को बगरू सीट से प्रत्याशी बनाया हैं। साथ ही महवा विधानसभा के वैश्य समाज के प्रमुख नेता और भाजपा नेता डॉक्टर आशुतोष भी जेजेपी में शामिल हुए। आशुतोष जेजेपी की तरफ से महवा सीट से चुनाव लड़ेंगे। दुष्यंत चौटाला ने सभी को पार्टी का पटका पहनाकर जेजेपी में शामिल किया।

## राजस्थान के कोटा में पुलिस ने एल्विश यादव को पूछताछ के लिए रोका

कोटा। यूट्यूबर एल्विश यादव को राजस्थान के कोटा में उस वक्त पूछताछ के लिए रोका गया, जब वह अपने दोस्तों के साथ कार में यात्रा कर रहे थे। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। हालांकि, बाद में उन्हें जाने की इजाजत दे दी गई। नोएडा पुलिस ने शुक्रवार को रेव पार्टियों में सांप के जहर के कथित इस्तेमाल को लेकर एल्विश यादव के खिलाफ मामला दर्ज किया था और पांच लोगों को गिरफ्तार किया था। यूट्यूबर ने आरोपों का खंडन किया है और जांच में पुलिस के साथ सहयोग करने की इच्छा व्यक्त की है। कोटा के सुकेत पुलिस थाने के प्रभारी विष्णु सिंह ने कहा कि नियमित जांच के दौरान एक कार को रोका गया, जिसमें तीन या चार लोग यात्रा कर रहे थे और उनमें से एक ने अपनी पहचान एल्विश यादव के रूप में बताई। सिंह के मुताबिक, पता चला कि एल्विश यादव के खिलाफ नोएडा में मामला दर्ज है, इसलिए नोएडा पुलिस से संपर्क किया गया। उन्होंने कहा कि नोएडा पुलिस अधिकारियों ने पुष्टि की है कि मामले की जांच जारी है और वह वांछित नहीं हैं। सिंह के अनुसार, नोएडा पुलिस ने कहा कि वह वांछित नहीं हैं और मामले की जांच जारी है...इसलिए उन्हें जाने की इजाजत दे दी गई। नोएडा पुलिस के अधिकारियों ने कहा था कि शुक्रवार को कोबरा समेत नौ सांपों को गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से मुक्त कराया गया।

# अयोध्या: राम मंदिर ट्रस्ट ने किया अक्षत पूजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com






**अयोध्या/वार्ता।** श्रीराम जन्मभूमि पर रामलला का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को भव्य बनाने के लिए राम मंदिर ट्रस्ट ने रविवार को अक्षत पूजन किया।

विश्व हिन्दू परिषद के प्रवक्ता ने बताया कि श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा आयोजित अक्षत पूजन कार्यक्रम में 45 प्रांतों से आये हुए प्रतिनिधियों को पीतल धातु में रखे हुए पांच-पांच किलो पूजित अक्षत रखकर समर्पित किया गया।

इस अक्षत कलश की पूजा श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला के अस्थायी मंदिर में आज सम्पन्न हुआ। उन्होंने बताया कि श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा बाइस जनवरी को आयोजित कार्यक्रम को दिव्य स्वरूप प्रदान करने के लिये देश के पैंतालिस प्रांतों से कार्यकर्ताओं को अवध धाम में आमंत्रित किया गया है। यह कार्यकर्ता अपने-अपने प्रांतों में पूजित अक्षत को लेकर जायेंगे। तत्पश्चात इन अक्षतों का वितरण देश के करोड़ों रामभक्तों में किया जायेगा।

श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र का मानना है कि हम पांच लाख से ऊपर गांव तक अक्षत को वितरित कर सम्पूर्ण राष्ट्र राममय होगा और जिस दिन भगवान श्रीरामलला अपने सिंहासन पर विराजमान होंगे उस दिन सम्पूर्ण देश उत्सव मानकर विश्व को सामाजिक, धार्मिक समन्वय का संदेश प्रदान करेगा।

श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय, ट्रस्ट के ट्रस्टीगण महंत दिनेन्द्र दास, डा. अनिल मिश्रा, जगद्गुरु माधवाचार्य, सांसद लल्लू सिंह, नगर निगम अयोध्या के मेयर गिरीशपति त्रिपाठी, महंत रामकुमार दास, पुजारी रमेश दास, महंत जयराम दास, विश्व हिन्दू परिषद के संयुक्त मंत्री कोटेश्वर राव, केन्द्रीय उपाध्यक्ष मीनाक्षी पिश्वे, बजरंग दल के पूर्व संयोजक क्षेत्रीय संगठन मंत्री मनोज वर्मा, सोहन सोलंकी, गोरक्षा प्रांत के क्षेत्रीय धर्म प्रसार प्रमुख प्रदीप पाण्डेय, प्रांत संयोजक राकेश वर्मा, क्षेत्रीय संगठन मंत्री गजेन्द्र सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह क्षेत्र सम्पर्क प्रमुख मनोज, प्रांत पदाधिकारी पूर्णेन्द्र, राजेश सिंह, चौरासी कोस परिक्रमा के प्रमुख सुरेन्द्र सिंह, विश्व हिन्दू परिषद के प्रवक्ता शरद शर्मा सहित आदि लोग मौजूद थे।

## हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और कर्नाटक में कांग्रेस की गारंटी राहुल गांधी की तरह विफल रही : ठाकुर



**भोपाल/भाषा।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और कर्नाटक के पिछले विधानसभा चुनावों में मतदाताओं को कांग्रेस की ओर से दी गईं 'गारंटी' इस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की तरह विफल साबित हुई हैं।

ठाकुर ने कहा कि गांधी ने ऐसी ही एक 'गारंटी' के तहत मतदाताओं को ठगते हुए मप्र में 2018 हुए विस चुनावों से पहले वादा किया था कि उनकी पार्टी की सरकार 10 दिनों के भीतर दो लाख रुपये तक के कृषि ऋण को माफ नहीं करेगी, तो वह मुख्यमंत्री बदल देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि गांधी ने राज्य के युवाओं को बेरोजगारी भत्ते के रूप में प्रति माह 4,000 रुपये देने का भी वादा किया था, लेकिन ये सभी चुनावी 'गारंटी' विफल हो गईं क्योंकि इन्हें कमलनाथ की अगुवाई में दिसंबर 2018 से मार्च 2020 तक 15 महीने चली कांग्रेस सरकार के राज में लागू नहीं किया गया था।

ठाकुर ने दावा किया,इस तरह की गारंटी हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और कर्नाटक (जहां कांग्रेस सत्ता में है) में भी विफल रही हैं। हिमाचल में कांग्रेस ने 22.50 लाख महिलाओं को हर माह 1,500 रु. की सहायता की गारंटी दी थी। इसे (कांग्रेस के सत्ता में आने के) 10 महीने बाद भी लागू नहीं किया गया है। कांग्रेस ने एक लाख नौकरियां देने का वादा भी किया था, लेकिन अभी तक सरकार ने 1,000 नौकरियां तक नहीं दी हैं।'




## कांग्रेस और भ्रष्टाचार एक सिक्के के दो पहलू : नड्डा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पेंड्रा (छत्तीसगढ़)/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि जहां भी वह शासन में है, भ्रष्टाचार में लिप्त है। नड्डा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और भ्रष्टाचार एक सिक्के के दो पहलू हैं। छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही (जीपीएम) जिले के पेंड्रा शहर में एक सभा को संबोधित करते हुए नड्डा ने दावा किया कि यदि कांग्रेस राज्य में फिर से सत्ता में आती है तो 'लूट की गारंटी' निश्चित है।

भाजपा प्रमुख ने भ्रष्टाचार को लेकर भूपेश बघेल सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया, 'उन्होंने (कांग्रेस ने) शराब, चावल, गोबर खरीद, शिक्षकों के तबादले और लोक सेवा आयोग की भर्ती में घोटाला किया। उन्होंने महादेव (महादेव सट्टेबाजी ऐप में कथित घोटाला) के नाम को भी नहीं बख्शा और घोटाला किया।' नड्डा ने दावा किया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार असीम दास ने बताया कि चुनाव के लिए भूपेश बघेल को 508 करोड़ रुपये दिए गए थे। ईडी ने शुक्रवार को कहा था कि फोरेंसिक विश्लेषण और एक 'कैश कूरियर' द्वारा दिए गए बयान से 'चौंकाने वाले आरोप' सामने आए हैं कि महादेव सट्टेबाजी ऐप के प्रवर्तकों ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अब तक लगभग 508 करोड़ रुपये का भुगतान किया है और यह जांच का विषय है।

एजेंसी ने कहा था कि कूरियर असीम दास से 5.39 करोड़ रुपये बरामद होने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। नड्डा ने आरोप लगाया, 'भ्रष्टाचार और कांग्रेस एक सिक्के के दो पहलू हैं। जहां कांग्रेस है, वहां भ्रष्टाचार, धोखा और लूट है। उन्होंने कहा कि जहां भाजपा है, वहां विकास और प्रगति है। राज्य में भाजपा उम्मीदवारों प्रबल प्रताप सिंह जूदेव (कोटा सीट) और प्रणव मरपच्ची (मरवाही सीट) के पक्ष में लोगों से मतदान करने का आग्रह करते हुए, नड्डा ने कहा, 'जब आप भाजपा को वोट देंगे तो मोदी जी द्वारा विकास की पक्की गारंटी है। लेकिन यदि आप बघेल और कांग्रेस को दोबारा चुनेंगे तो लूट की गारंटी पक्की है।' राज्य के 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए दो चरणों में सात और 17 नवंबर को मतदान होगा।

## हिप्र: क्रिप्टोकरेंसी घोटाला मामले में एसआईटी ने चार पुलिसकर्मियों सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया

**शिमला/भाषा।** हिमाचल प्रदेश में करोड़ों रुपये के क्रिप्टोकरेंसी घोटाले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने इस मामले के संबंध में चार पुलिसकर्मियों और एक वन सुरक्षाकर्मी सहित आठ और लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) संजय कुंडु ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि शनिवार को गिरफ्तार किए गए ये आठ लोग उन 70 से 80 ठगों में शामिल हैं, जिन्होंने लगभग एक लाख निवेशकों से दो करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की है।

डीजीपी ने कहा कि अब तक कुछ मुख्य आरोपियों - मंडी से हेमराज और सुखदेव तथा ऊना से अरुण गुलेरिया एवं अभिषेक सहित 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा, ''अब हम इस घोटाले की दूसरे दृष्टिकोण से जांच कर रहे हैं, जिसमें कुछ लोगों ने नये लोगों द्वारा योजना में किए गए निवेश से करोड़ों रुपये कमाए।''

डीजीपी ने कहा कि हिमाचल पुलिस इस मामले की जांच के लिए केंद्रीय और वित्तीय एजेंसियों तथा अन्य राज्यों की पुलिस के साथ भी समन्वय कर रही है। उन्होंने बताया कि शनिवार को गिरफ्तार किए गए आठ लोगों में से तीन आरोपी हमीरपुर से, दो सोलन के बद्दी से जबकि एक-एक आरोपी शिमला, ऊना और कांगड़ा से हैं।

## 'बिहार जाति सर्वेक्षण में जानबूझकर मुस्लिमों, यादवों की आबादी को बढ़ाकर दिखाया गया'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**मुजफ्फरपुर/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को बिहार की नीतीश कुमार सरकार पर हमला बोलते हुए उस पर अपनी ''तुष्टिकरण की राजनीति'' के तहत राज्य के जाति सर्वेक्षण में जानबूझकर मुस्लिमों और यादवों की आबादी को बढ़ाकर दिखाने का आरोप लगाया।

मुजफ्फरपुर जिले के पताही में एक रैली को संबोधित करते हुए, वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा, ''इंडि' (इंडिया) गठबंधन वालों ने बिहार की जनता को गुमराह करने के लिए खुद के पिछड़ा समाज का हितैषी होने की बात की थी । उन्होंने कहा, नीतीश जी ने जो जाति आधारित सर्वेक्षण कराए हैं, उसे कराने का फैसला जिस समय लिया गया था जब भाजपा नीतीश सरकार में हिस्सेदार थी और यह भाजपा का फैसला था । शाह ने आरोप लगाया कि लालू-नीतीश की जोड़ी ने सर्वेक्षण में मुस्लिम और यादव समुदाय की आबादी को बढ़ाकर अति पिछड़ा और पिछड़ा समुदाय के साथ अन्याय करने का काम किया । उन्होंने कहा, ''मैं आज बिहार के पिछड़ा और अति पिछड़ा दोनों समाज को कहने आया हूं कि ये सर्वेक्षण एक छलावा है । हमने इसका समर्थन किया था पर हमें नहीं मालूम था कि (राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख) लालू जी के दबाव में यादव और मुस्लिम की संख्या बढ़ाकर अति पिछड़ा वर्ग के साथ अन्याय करने का काम नीतीश और लालू करेंगे ।'' शाह ने कहा, ''ये 'इंडि एलायंस' (विपक्षी दलों का गठबंधन इंडिया) वाले कहते हैं कि जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी हिस्सेदारी तो ठीक है लालू जी, सर्वेक्षण के अनुसार क्या आप घोषणा करेंगे कि 'इंडि एलायंस' का मुख्यमंत्री अति पिछड़ा समाज से होगा।

गृह मंत्री ने आरोप लगाया, इन लोगों ने हमेशा तुष्टिकरण करने का काम किया है । अगर इसे रोका नहीं गया तो बिहार के सीमावर्ती इलाके में बहुत बड़ी दिक्कत आने वाली है।''

## काशी हिंदू विश्वविद्यालय में छात्र संगठनों के दो गुटों में झड़प, पुलिस ने किया बल प्रयोग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**वाराणसी (उप्र)/भाषा।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के आईआईटी की छात्रा के साथ हुई छेड़खानी की घटना के बाद छात्राओं की सुरक्षा और परिसर में दीवार खड़ी करने के विरोध में हो रहे आंदोलन के दौरान रविवार को विश्वविद्यालय के गेट पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) और ऑल इंडिया स्टूडेंड एसोसिएशन और भगत सिंह छात्र मोर्चा (बीएसएम) के सदस्यों के बीच झड़प हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी।

लंका थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) शिवाकांत मिश्रा ने बताया कि आन्दोल के दौरान नारे लगाने और पुतला फूंकने को लेकर अभाविप और ऑल इंडिया स्टूडेंड एसोसिएशन (आइसा) के छात्रों के बीच झड़प हो गयी। उन्होंने कहा कि पुलिस ने आवश्यक बल प्रयोग कर दोनों दलों के छात्रों को अलग किया। इस बीच अभाविप ने बयान जारी कर दावा किया कि आइसा और बीएसएम के गुंडों द्वारा किये हमले में अभाविप की कार्यकर्ता अदिति और मेघा घायल हो गयीं। अभाविप ने दोनों छात्राओं की तस्वीर भी जारी की जिसमें एक के पैर व एक के हाथ में प्लास्टर लगा दिख रहा है। छात्र विवि प्रशासन की ओर से आईआईटी और बीएचयू के बीच दीवार खड़ी किये जाने के फैसले का विरोध कर रहे हैं।

## आजम खां को आजीवन कारावास की सज़ा दिलाने के लिए अपील करेंगे भाजपा विधायक आकाश सक्सेना



**रामपुर (उप्र)/भाषा।** रामपुर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक आकाश सक्सेना फर्जी जन्म प्रमाणपत्र मामले में सात साल की सजा पाये समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता आजम खां, उनकी पत्नी तजीन फात्मा और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को इसी मामले में उम्रकैद की सजा दिलाने के लिये सत्र अदालत में अपील करेंगे। रामपुर की सांसद /विधायक अदालत ने अब्दुल्ला आजम के दो जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के मामले में आजम खां, उनकी पत्नी तजीन फात्मा और उनके बेटे एवं पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम को गत 18 अक्टूबर को सात-सात साल की जेल की सजा सुनाई थी। आजम खां सीतापुर, अब्दुल्ला हरदोई और तजीन फात्मा रामपुर जेल में बंद हैं। इस मामले में खां, उनकी पत्नी और बेटे के खिलाफ मामला दर्ज कराने वाले रामपुर से भाजपा के मौजूदा विधायक आकाश सक्सेना ने रविवार को संवाददाताओं से कहा कि वह इस सजा को उम्रकैद में तब्दील करवाने के लिये अदालत में अपील करेंगे। उन्होंने कहा, 'जिस अदालत में यह मामला चल रहा था वह किसी को सात साल से अधिक की सजा नहीं सुना सकती थी। आजम खां को (भादसं की) धारा 420, 467, 468 और 471 के तहत सजा सुनायी गयी है।

## 'मोदी सरकार की भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई 'नौटंकी', ईडी के डर से केवल भ्रष्ट लोग होते हैं भाजपा में शामिल'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चंडीगढ़/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार की भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई को 'नौटंकी' करार दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जिन पर गलत कार्य करने का आरोप लगाती है, उन्हें पार्टी में शामिल होने पर मंत्री पद से सम्मानित करती है।

हरियाणा के रोहतक में पार्टी के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि अगर किसी ने 'बड़ा पाप या अपराध' किया है और भाजपा में शामिल हो जाता है, तो केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) या आयकर विभाग के अधिकारी कभी उसे छूने की हिम्मत नहीं करेंगे। 'आप' नेता ने कहा, ''कौन भ्रष्ट है? भ्रष्ट वे नहीं हैं, जिन्हें ईडी ने पकड़ा है और सलाखों के पीछे भेजा है। भ्रष्ट वे हैं, जो ईडी के डर से भाजपा में शामिल हो गए। जिन्हें ईडी ने पकड़ा है, लेकिन भाजपा में शामिल नहीं हुए, वे कट्टर ईमानदार हैं, क्योंकि वे जानते हैं कि आज नहीं तो कल वे बाहर आ जाएंगे।''

केजरीवाल ने कहा, ''लेकिन जो बेइमानी में संलिप्त हैं, वे जानते हैं कि अगर उन्हें गिरफ्तार किया गया तो पूरी जिंदगी जेल में बितानी होगी, इसलिए तुरंत भाजपा में शामिल हो जाते हैं। इसलिए समझिए कि कौन भ्रष्ट है और कौन ईमानदार।'' ईडी ने हाल में केजरीवाल को कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले में पूछताछ और धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया था।

केजरीवाल गत बृहस्पतिवार को ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए और केंद्रीय एजेंसी से उन्हें भेजे गए समन को यह कहते हुए वापस लेने को कहा कि यह ''अस्पष्ट, दुर्भावना से प्रेरित और कानून के समक्ष नहीं टिकने वाला'' है।

कार्यक्रम में भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, ''वे कहते हैं कि केजरीवाल को गिरफ्तार करेंगे, मैं आप से कहना चाहता हूं कि आप मुझे गिरफ्तार कर सकते हैं, लेकिन आप मेरी आवाज दबा नहीं सकते।''

## उत्तरी बंगाल का चाय उद्योग संकट में, कई बागान बंद हुए : टीएआई

**कोलकाता/भाषा।** चाय उत्पादकों के निकाय भारतीय चाय संघ (टीएआई) ने कहा है कि उत्तरी बंगाल का चाय उद्योग गंभीर संकट से गुजर रहा है और क्षेत्र में कई बागान बंद हो गए हैं। टीएआई के महासचिव पी के भट्टाचार्य ने कहा कि अक्टूबर, 2023 में उत्तरी बंगाल में 13-14 चाय बागान बंद हो गए जिससे 11,000 से ज्यादा लोग प्रभावित हुए।

टीएआई ने कहा कि इस साल अप्रैल में पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा घोषित अंतरिम मजदूरी में बढ़ोतरी के कारण संगठित और छोटे चाय कारखानों (बीएलएफ) सहित लगभग 300 बागानों को वित्तीय संकट का सामना करना पड़ रहा है। इन क्षेत्रों में सालाना लगभग 40 करोड़ किलोग्राम चाय का उत्पादन होता है। पी के भट्टाचार्य के अनुसार, उत्तर बंगाल में लगभग 300 चाय बागान हैं, जिनमें से 15 बंद हैं।

टीएआई ने कहा कि उद्योग को उर्वरक, कोयला और रसायनों से लेकर उत्पादन लागत में अचानक वृद्धि का सामना करना पड़ रहा है, जबकि नीलामी में कीमत बहुत कम मिल रही है। संघ ने यह भी कहा कि वित्तीय संकट को कम करने में मदद करने के लिए उद्योग ने पहले ही पश्चिम बंगाल सरकार के साथ बातचीत की है।

## कोलकाता पुलिस का विश्व कप मुकाबले के टिकटों की कालाबाजारी को लेकर बीसीसीआई को नोटिस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** ईडन गार्डन्स स्टेडियम में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच रविवार को यहां चल रहे विश्व कप क्रिकेट मुकाबले की टिकटों की कालाबाजारी के आरोपों के बीच कोलकाता पुलिस ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अध्यक्ष रोजर बिन्नी को नोटिस जारी कर मुकाबले के टिकटों की बिक्री के बारे में जानकारी मांगी है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि शनिवार देर शाम जारी किए गए नोटिस में बीसीसीआई अध्यक्ष से मैदान पुलिस थाने के अधिकारी को दस्तावेज जमा करने के लिए कहा गया है जो टिकटों की कालाबाजारी के संबंध में शिकायतों की जांच कर रहे हैं। अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा,' बीसीसीआई अध्यक्ष को एक नोटिस भेजा गया है जिसमें उनसे व्यक्तिगत या अपने संगठन के किसी सक्षम व्यक्ति के माध्यम से टिकटों की बिक्री के संबंध में प्रासंगिक दस्तावेज मांगे गए हैं। इन दस्तावेजों को मंगलवार को काम के घंटों के दौरान मैदान पुलिस थाने के जांच अधिकारी को उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है।' कोलकाता पुलिस ने टिकटों की कालाबाजारी को लेकर अब तक 19 लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से 108 टिकट जब्त हुए। इस कड़ी में सात मामले भी दर्ज किए गए हैं।

## रमेश, प्राजक्ता ने हैदराबाद हाफ मैराथन जीती

**हैदराबाद/भाषा।** तेलंगाना के बी रमेश चंद्रा और महाराष्ट्र की प्राजक्ता गोडबोले ने रविवार को यहां हैदराबाद हाफ मैराथन में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग के खिताब जीते। रमेश ने एक घंटे 13 मिनट और 10 सेकंड में 21.1 किलोमीटर की दौड़ पूरी करके पहला स्थान हासिल किया। सतीश कुमार (1.15:50) और पीयूष मसाने (1.16:56) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

महिला वर्ग में 28 वर्षीय प्राजक्ता ने ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए हाफ मैराथन की दूरी को एक घंटे 23 मिनट और 45 सेकंड में तय किया। प्रीनू यादव (1.24.46) और तेजस्विनी (1.25.11) ने उनके बाद दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। इस दौड़ में 8000 से अधिक धावकों ने हिस्सा लिया।

## हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज में रैगिंग के मामले में छात्रावास से 10 छात्र निकाले गए

**हल्द्वानी/भाषा।** उत्तराखंड के नैनीताल जिले में हल्द्वानी राजकीय मेडिकल कॉलेज में एक बार फिर रैगिंग का मामला सामने आया है जहां छात्रावास से 10 आरोपी छात्रों को निकाल दिया गया है। कॉलेज प्रशासन ने बताया कि एमबीबीएस के दूसरे साल के छात्रावास में कनिष्ठ विद्यार्थियों के साथ रैगिंग का मामला प्रकाश में आने के बाद यह कार्रवाई की गयी है । आरोपी 10 वरिष्ठ छात्रों को छह माह के लिए छात्रावास से बाहर किया गया है और उन्हें एक सप्ताह के लिए कक्षा में शामिल होने से प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसके साथ ही उन पर 25-25 हजार रु का जुर्माना भी लगाया गया है।

# जातिगत जनगणना को लेकर कांग्रेस की राह पर भाजपा, दोनों दल पीडीए की ताकत से वाकिफ : अखिलेश यादव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**टीकमगढ़/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को दावा किया कि कांग्रेस ने अतीत में जातिगत जनगणना और मंडल आयोग की सिफारिशों का कार्यान्वयन रोक दिया था और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भी आज इसी तरह का रुख अपना रही है।


मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले के जतारा विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी सभा के दौरान अखिलेश ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा चुनावों में ''पीडीए'' यानी पिछड़ा वर्ग, दलितों और आदिवासियों को लुभाने के लिए जातिगत जनगणना और आरक्षण की बात कर रहे हैं, क्योंकि दोनों दलों को इन तबकों की ताकत का अहसास हो चुका है। उन्होंने कहा, देश में जातिगत जनगणना और मंडल आयोग की सिफारिशों को (कार्यान्वयन से) किसी पार्टी ने रोका, तो वह कांग्रेस है। अब उसी रास्ते पर भाजपा भी चल रही है।

अखिलेश ने कहा, जातिगत जनगणना का जो सवाल उठा है, उसका चमत्कार देखिए कि अब कांग्रेस कह रही है कि जातिगत जनगणना होनी चाहिए। वहीं, भाजपा जो पिछड़ों के आरक्षण के खिलाफ रही है, वह भी आज जातिगत जनगणना की बात कर रही है। चुनाव आ गया है, इसलिए पीडीए की ताकत को दोनों दल समझ गए हैं।''

सपा प्रमुख ने मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों के लिए जारी पार्टी के घोषणापत्र के हवाले से कहा कि उनकी पार्टी जातिगत जनगणना, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण और महिलाओं के लिए मध्य प्रदेश सरकार की ''लाड़ली बहना'' योजना से बेहतर ''समाजवादी पेंशन'' योजना का संकल्प व्यक्त करती है। उन्होंने कहा कि ''समाजवादी पेंशन'' योजना के तहत हितग्राहियों को हर माह 3,000 रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

## मुफ्त राशन योजना का विस्तार करने संबंधी सरकार का कदम आर्थिक संकट का संकेत : कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने रविवार को कहा कि मुफ्त राशन योजना को पांच साल और विस्तार देने का सरकार का फैसला देश में ''खतरनाक स्तर पर पहुंच गई आर्थिक बदहाली और बढ़ती असमानताओं'' का संकेत है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर इस मामले को लेकर अपना रुख बदलने का आरोप लगाया। रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, ''उनकी यह ताजा घोषणा आर्थिक बदहाली और बढ़ती असमानताओं का संकेत है, जो लगातार बढ़कर खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है। अधिकतर भारतीयों की आय उस हिसाब से नहीं बढ़ रही जिस दर से आवश्यक वस्तुओं की कीमतें आसमान छू रही हैं।'' उन्होंने कहा कि मोदी ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना (पीएमजीकेवाई) को अगले पांच साल तक बढ़ाए जाने की घोषणा की है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में सितंबर 2013 में संसद द्वारा पारित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) का कई बार विरोध किया था। उन्होंने कहा, पीएमजीकेवाई और कुछ नहीं बल्कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) है जो पहले से ही 80 करोड़ भारतीयों को कवर करता है। यह प्रधानमंत्री के 'यू-टर्न' लेने का एकमात्र उदाहरण नहीं है।

### सुविचार

**क्या है ज़िन्दगी, देखो तो ख्वाब है ज़िन्दगी, पढो तो किताब? है ज़िन्दगी, सुनो तो ज्ञान है ज़िन्दगी।**


## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# अभी तो शुरुआत है!

पाकिस्तान में रहने वाले लाखों अफगान नागरिकों को निकाले जाने की कार्रवाई के संबंध में घोषणा होते ही इस बात की आशंका जताई जाने लगी थी कि अब इस पड़ोसी देश में आतंकवाद की बड़ी लहर आएगी। वह लहर आ गई है। पाक का मियांवाली ट्रेनिंग एयर बेस, जो सबसे 'सुरक्षित' इलाकों में शुमार किया जाता है, वहां 'आतंकवादियों' ने धावा बोल दिया। हमेशा की तरह इस घटना को लेकर भी पाकिस्तान ने लीपा-पोती करते हुए यह दिखाने की कोशिश की कि उसने बड़े हमले को नाकाम कर दिया। जबकि उसके ही कई पत्रकारों ने सोशल मीडिया पर पोल खोलते हुए बता दिया कि आतंकवादियों ने ट्रेनिंग एयर बेस को अच्छा-खासा नुकसान पहुंचा दिया है। पाकिस्तान ने जनवरी 2016 में इसी तरह का आतंकवादी हमला भारत में पठानकोट स्थित वायुसेना स्टेशन पर करवाया था। वह उसमें अपनी भूमिका होने से साफ इन्कार करता रहा, लेकिन उसके खिलाफ पुख्ता सबूत थे। आज पाकिस्तान के कर्मों का फल उसी की ओर लौटकर आ रहा है। इससे एक दिन पहले, शुक्रवार को पाकिस्तान के 17 जवान ढेर हुए थे। पाक फौज पर बलोचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में ताबड़तोड़ हमले हुए, जिसके बाद सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर के दावों पर सवाल उठ रहे हैं। इनमें ग्वादर में एक आतंकवादी हमला, डेरा इस्माइल खान में एक रिमोट-नियंत्रित बम धमाका और लक्की मरवत में एक 'सुरक्षा अभियान' शामिल है। डेरा इस्माइल खान में पांच लोग मारे गए और पुलिस अधिकारियों सहित कम से कम 24 घायल हो गए थे। ग्वादर में आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों के दो वाहनों पर हमला किया था। उस हमले में ही पाक फौज के 14 जवान धराशायी हो गए थे। भारत के उरी और पुलवामा में आतंकवादी हमले करवाने वाला पाकिस्तान आज उन्हीं (हमलों) की तर्ज पर लहूलुहान हो रहा है। यह भी एक संयोग है या कर्मफल?

रक्षा विशेषज्ञ बताते हैं कि अभी तो शुरुआत है! आने वाले तीन महीने पाकिस्तान के लिए बहुत भारी होने जा रहे हैं। जनरल मुनीर के बड़े-बड़े दावों के बावजूद हकीकत यह है कि पाकिस्तान में आतंकवादी संगठन मजबूत होते जा रहे हैं। उन्हें अतीत में पाक फौज ने ही पाल-पोसकर तैयार किया था। उस समय रावलपिंडी के जनरलों को भ्रम था कि ये 'अच्छे आतंकवादी' होंगे, जो सिर्फ भारत को परेशान करेंगे। बेशक उन आतंकवादियों की वजह से भारत को बहुत परेशानी हुई, लेकिन हमने अपने सुरक्षा व खुफिया तंत्र को मजबूत बनाया। आज जितने आतंकवादी घुसपैठ की कोशिश करते हैं, उनमें से ज्यादातर तो वहीं ढेर कर दिए जाते हैं। आतंकवादी संगठनों के आका यह बात समझने लगे हैं कि अगर वे भारत की ओर रुख करेंगे तो जान से जाएंगे, इसलिए पाकिस्तान में ही हुकूमत करने के ख्वाब देखने लगे हैं। अब वे पाकिस्तान के लिए 'बुरे आतंकवादी' हो गए हैं। जब से जनरल मुनीर ने कुर्सी संभाली है, सुरक्षा बलों पर हमले बढ़ गए हैं। पाक फौज के पाले हुए आतंकवादी जानते हैं कि अगर उन्हें इस्लामाबाद पर कब्जा करना है तो उससे पहले फौज को कमजोर करना होगा। अफगानिस्तान में तालिबानी शासन लौट आने के बाद उनके हौसले बुलंद हैं। उन्हें लगता है कि जिस तरह काबुल उनके कब्जे में आ गया, उसी तरह देर-सबेर इस्लामाबाद भी आ जाएगा। इसलिए गाहे-बगाहे सुरक्षा बलों पर हमले करते रहते हैं। ताजा हमले उसी सिलसिले की एक कड़ी है, जिसमें फौज को भारी नुकसान पहुंचा है। पाक में जैसे-जैसे आम चुनावों के दिन नजदीक आएंगे, सियासी रैलियां निकलेंगी, नेताओं के भाषण होंगे, उनके साथ आतंकवादी हमलों की तीव्रता में भी बढ़ोतरी हो सकती है। वहां हर चुनाव में सैकड़ों लोग बम धमाकों में मारे गए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री तक जान गंवा चुके हैं। ऐसे में यह चुनाव अपवाद हो जाए, इसकी गुंजाइश न के बराबर है।

## ट्वीटर टॉक



विधानसभा चुनाव हेतु भाजपा प्रत्याशियों की सूची में स्थान पाने वाले साथियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ! आपकी योग्यता से आपको यह जिम्मेदारी मिली है, निश्चित ही इसे जनमत से पूर्ण कर आप राजस्थान में सुशासन की स्थापना के सहभागी बनेंगे।

**-गजेन्द्र सिंह शेखावत**



भारतीय क्रिकेट टीम के धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली को जन्मदिवस और इस शानदार दिन शतक लगाने की ढेरों शुभकामनाएं। कामना करता हूं, आप यह विश्व कप जीतें और इतिहास में अपना नाम स्वर्ण अक्षरों में दर्ज कराएं।

**-सीपी जोशी**



जनसंपर्क अभियान में खातीपुरा मंडल के वार्ड 34 में ज्ञानवर्धन हाइट्स अपार्टमेंट में सम्मानित जनों से आशीर्वाद मांगा और विद्याधर नगर में 'कमल' खिलाने की अपील की। स्वजनों से मिल रहा स्नेह, सानिध्य और मार्गदर्शन मुझे जनसेवा के पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दे रहा है।

**-दिया कुमारी**

### प्रेरक प्रसंग

## नजर का फर्क

श्मशान घाट पर दो अलग-अलग समूहों में कुछ लोग मृत शरीर लेकर आए। एक समूह के लोग अमीर आदमी के शव को सम्मान और बाजे-गाजे के साथ लाये थे और दूसरे वाला कोई गरीब था। उसे कुछ लोगों ने जैसे-तैसे श्मशान तक पहुंचा दिया। दोनों अग्नि को समर्पित हो गए। वहां एक फकीर भी श्मशान में बैठा था, वह उठा और अपने हाथों में दोनों चिताओं की राख लेकर बारी-बारी से उन्हें सूंघने लगा। लोगों ने आश्चर्य से उसके इस कृत्य को देखा और उसे पागल समझा। एक व्यक्ति से रहा नहीं गया, वह फकीर के निकट गया और पूछा, 'बाबा! ये चिता की राख मुट्ठियों में भरकर और इसे सूंघकर क्या पता लगा रहे हो?' फकीर ने कहा, 'मैं गहरी छानबीन में हूं।' वह दाहिने हाथ की मुट्ठी खोलकर उसकी राख को दिखाते हुए बोला, यह एक अमीर व्यक्ति की राख है जिसने जीवनभर बड़े सुख भोगे, दूध-घी, मेवे-मिष्ठान्न खाए हैं और दूसरी मुट्ठी की राख दिखाते हुए फकीर ने कहा, यह एक ऐसे गरीब आदमी की राख है जो आजीवन कठोर परिश्रम करके भी रूखी-सूखी ही खा पाया। मैं इस छानबीन में हूं कि अमीर व गरीब में बुनियादी फर्क क्या है, पर दोनों में कोई फर्क नजर नहीं आ रहा। मुझे तो दोनों ही सिर्फ राख नजर आ रहे हैं।

### सामयिक

# नौकरी में आपकी जगह एआईई नहीं, बल्कि एआई जानने वाला लेगा

**राजकुमार जैन**
**मोबाइल : 9826051911**

कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक अत्याधुनिक और अति विकसित तकनीक के रूप में हर क्षेत्र में, हर स्तर पर रोजगार की संभावनाओं को जन्म दे रही है। यह तकनीक रोजगार के क्षेत्र में अब तक अनजाने और अबूझ रहे द्वारों को भी खोलेगी। दुनिया भर में एआई को लेकर जो कवायद चल रही है, उससे साफ जाहिर है कि एआई किसी भी देश की उत्पादकता को बढ़ाने से लेकर नई नौकरियों के सृजन में व्यापक भूमिका अदा करेगा। इंटरनेट पर की गई रिसर्च बताती है कि एक तरफ वर्ष 2025 तक एआई के इस्तेमाल से दुनिया भर में 8.5 करोड़ लोगों की नौकरियां खतरे में पड़ सकती है तो दूसरी तरफ 9.7 करोड़ लोगों के लिए नई नौकरियों का सृजन भी होगा। यानी कि 1.2 करोड़ अधिक नौकरियों के अवसर निकलेंगे।

दुनिया भर में 35 प्रतिशत कारोबार में एआई का इस्तेमाल हो रहा है लेकिन 84 प्रतिशत लोगों को यह पता तक नहीं है कि उनके जीवन व रोजमर्रा की जिंदगी में एआई का प्रवेश हो चुका है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में भी एआई का बाजार सालाना 20.2 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है और वर्ष 2025 तक यह बाजार 7.8 अरब डॉलर का हो जाएगा। एआई का बाजार हार्डवेयर, साफ्टवेयर व सर्विस सभी सेक्टर में बढ़ेगा।

दुनिया की बड़ी कामकाजी जनसंख्या इस नवाचार का फायदा उठा कर मनमाफिक रोजगार के नए विकल्प चुन सके यह सुनिश्चित करने के लिए एआई आधारित एक ऐसा सिस्टम तैयार किया गया है, जो नए अवसर ढूँढने में मदद कर सकता है। यह सिस्टम ऐसा रोजगार चुनने का सुझाव देता है, जिसके सफल होने की ज्यादा संभावना है। कौशलों में समानता पता लगने के बाद नए कौशल के आधार पर कर्मचारी के लिए पेशे का अनुमान लगाया जा सकता है। मसलन, एक अकाउंटेंट वित्तीय विश्लेषक की राह पकड़ सकता है, क्योंकि इन दोनों नौकरियों में जरूरी कौशल समान हैं। लेकिन स्पीच थैरेपिस्ट को फाइनेंशियल एनालिस्ट का कौशल सीखना मुश्किल होगा।

अब बात करें इस क्षेत्र में नव शिक्षित युवाओं के लिए रोजगार के अवसर की तो विभिन्न शिक्षण संस्थान एआई संबंधित कई किस्म के पाठ्यक्रम (कोर्स) उपलब्ध कराते है जिनको पूर्ण करने पश्चात नौकरी और व्यवसाय दोनों क्षेत्रों में बहुत सारे अच्छे विकल्प उपलब्ध है, जिनके लिए आप योजना बनाकर आवेदन कर सकते हैं। जैसे रिसर्च असिस्टेंट, मशीन लर्निंग इंजीनियर, बिग डेटा एनालिस्ट, सलाहकार, सॉफ्टवेयर एनालिस्ट, एल्गोरिथम एनालिस्ट, एआई एनालिस्ट, स्टैटिस्टिकल साइंटिस्ट, प्रोग्रामर, बिजनेस इंटेलिजेंस डेवलपर आदि।

पहले से ही नौकरी कर रहे लोग विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर रोजगार पाने के लिए अपने मौजूदा कौशल के साथ उसी क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग का कौशल सिखाने वाला कोई शॉर्ट टर्म और कम खर्चीला सर्टिफिकेट कोर्स या डिप्लोमा कर सकते हैं जो रोजगार परिवर्तन के दौर में आपकी नौकरी बनाए रखने में सहायक सिद्ध होगा। इसके लिए विभिन्न शिक्षण/प्रशिक्षण संस्थानों के अलावा ऑन लाइन पढ़ाई भी की जा सकती है।

गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, आईबीएम जैसी एआई क्षेत्र की दिग्गज कम्पनीयों को मालूम है कि तकनीक तो वो बना लेंगे लेकिन भविष्य में इंजीनियरों और वैज्ञानिकों के अलावा विभिन्न क्षेत्रों में इस तकनीक के उपयोगकर्ताओं की मांग तेजी से बढ़ेगी और उसके साथ ही कार्य कुशल मानव संसाधनों की मांग भी बढ़ेगी। जैसे बहु चर्चित चैट जीपीटी जैसे जनरेटिव सिस्टम जिनके नाना प्रकार के असीमीत उपयोग हो सकते हैं लेकिन इस सिस्टम का कुशलता से परिचालन कर अपेक्षित परिणाम देने के लिए या जीपीटी द्वारा दिए गए परिणाम की उपयोगिता को परखने के लिए और उन परिणामों को वास्तविक उपयोग में लाने के लिए मानव श्रमिकों की आवश्यकता सदैव बनी रहेगी क्योंकि मानव मस्तिष्क की सीमाये अनंत हैं।ए.आई. का उपयोग करना सीखना, एक बटन दबाने और जानकारी प्राप्त करने भर का मामला नहीं है। यह तो हम रोज़ाना अपने मोबाईल के साथ करते ही हैं। वस्तुत: महत्वपूर्ण यह जानना नहीं है कि आज बारिश होगी या नहीं, बल्कि इस जानकारी के आधार पर अपनी कार्य योजना बनाकर उस जानकारी का अधिकतम लाभ उठाना ही असली जादू है जो असीमीतता की हद तक सीमीत कौशल वाली एक मशीन नहीं कर सकती।

**कार्यस्थलों पर कर्मचारियों की उत्पादकता में सुधार के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग किया जा रहा है जिसका एक लाभ यह है कि दोहराए जाने वाले कार्यों को सम्हाल कर एआई कर्मचारी को रचनात्मक समाधान, जटिल समस्या-समाधान और प्रभावशाली कार्य पर ध्यान केंद्रित करने की स्वतंत्रता प्रदान करेगा। इस तरह यह स्पष्ट है कि समय रहते एआई कौशल को अपना लेने से न केवल प्रति व्यक्ति उत्पादकता बढ़ जाती है, बल्कि किसी संस्थान के कर्मचारी अपने मौजूदा काम को कम समय में बेहतर तरीके से अंजाम दे सकते हैं।**

यदि आप नई तकनीक सीखने में सहज महसूस नहीं करते हैं तो रोजगार के इस प्रतिस्पर्धी बाजार में अपनी उपयोगिता बनाए रखने के लिए आप अपनी विशेषज्ञता वाले क्षेत्र में उपयोग में आने वाले एआई टूल्स को सीखना शुरू कर सकते हैं जैसे यदि आप एक प्रतिभाशाली पत्रकार या लेखक हैं तो चैट जीपीटी जैसे जनरेटिव एआई टूल्स के साथ काम कर के आप अपने नैसर्गिक लेखन को कैसे और बेहतर बना सकते हैं यह सीख लेना आपको अपने ही क्षेत्र में अप्रांसगिक होने से बचाएगा। एआई का बढ़ता दखल कई क्षेत्रों में नए रोजगारों का सृजन करेगा, विशेष रूप से ऐसे काम जिनमें उच्च भावनात्मक बुद्धिमत्ता की आवश्यकता होती है।

कार्यस्थलों पर कर्मचारियों की उत्पादकता में सुधार के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग किया जा रहा है जिसका एक लाभ यह है कि दोहराए जाने वाले कार्यों को सम्हाल कर एआई कर्मचारी को रचनात्मक समाधान, जटिल समस्या-समाधान और प्रभावशाली कार्य पर ध्यान केंद्रित करने की स्वतंत्रता प्रदान करेगा। इस तरह यह स्पष्ट है कि समय रहते एआई कौशल को अपना लेने से न केवल प्रति व्यक्ति उत्पादकता बढ़ जाती है, बल्कि किसी संस्थान के कर्मचारी अपने मौजूदा काम को कम समय में बेहतर तरीके से अंजाम दे सकते हैं।

यह बढ़ी हुई उत्पादकता कर्मचारियों के वेतन वृद्धि की राह प्रशस्त करती है जिनसे उनके पारिवारिक जीवन में खुशहाली आती है। कौशल विकास के फलस्वरूप वर्तमान कार्यस्थल के अलावा नए अवसर भी पैदा होंगे जिससे देश के आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा और नागरिकों का जीवन स्तर सुधरेगा।

### मुद्दा

# पराली पर सियासत हावी मगर जलाने पर लगाम नहीं

**बाल मुकुंद ओझा**
**मोबाइल : 8949519406**



पराली जल रही है, लोगों का सांस लेना दूभर हो रहा है लेकिन सियासत अपने उफान पर है। नेता एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं। गलती का ठीकरा दूसरी सरकार पर फोड़ा जा रहा है। लगता है लोगों की खराब होती सेहत से किसी का लेना देना नहीं है। देश की राजधानी दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण में पराली जलाने का बड़ा योगदान है। सर्दियों के मौसम के दौरान इसका प्रकोप देखने को मिलता है। पंजाब, हरियाणा और यूपी आदि राज्यों में लगातार पराली जलाई जा रही है। पराली को लेकर सियासत भी होने लगी है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय इसके लिए हरियाणा और यूपी को दोषी ठहराते है, चूँकि पंजाब में उनकी ही पार्टी का राज है इसलिए वे पंजाब का नाम नहीं लेते। जबकि पंजाब में रोजाना हजारों मांमले सामने आ रहे है। देश की राजधानी दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है जो पराली प्रदूषण को रोकने में नाकाम हो रही है। इसके चलते राजधानी दिल्ली में हवा का स्तर खराब होता जा रहा है। पंजाब में दशहरे से दिवाली के बीच का वक्त वो समय होता है जब पराली जलाने के मामले पीक पर पहुंच जाते हैं। इस साल भी पराली जलाने के मामलों में 28 अक्टूबर के बाद बेहताशा बढ़ोतरी हुई है। पंजाब के मुख्यमंत्री की किसानों से पराली नहीं जलाने की अपील भी बे असर हुई है। दूसरी तरफ हरियाणा सरकार कह रही है पराली जलाने पर किसानों पर कार्रवाई की जा रही है। रोकथाम के प्रयास भी किये जा रहे है। इसी के साथ सियासत भी बेकाबू हो गयी है। नेता एक दूसरे को दोषी ठहराने पर लगे है। बताया जाता है पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने की हज़ारों घटनाएं सामने आ चुकी है। पंजाब, हरियाणा सहित कुछ राज्यों में किसान जमकर पराली को जला रहे हैं। राज्य सरकारें इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए तमाम तरह की कोशिशें करने का दावा करती हैं, लेकिन ये दावे हवा हवाई नजर आ रहे हैं। पराली प्रदूषण की वजह से जहां बच्चे परेशान होते है। वहीं बुजुर्गों को भी कई तरह की बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच ठंड की आहट के साथ दिल्ली-एनसीआर समेत उसके आसपास के राज्यों में प्रदूषण के स्तर में भी इजाफा देखने को मिल रहा है। पंजाब और हरियाणा में किसानों द्वारा पराली जलाए जाने का सिलसिला जारी है। सरकार द्वारा तमाम प्रयासों के बावजूद किसान पराली जला रहे हैं।

पराली धान की फसल के कटने बाद बचा बाकी हिस्सा होता है जिसकी जड़ें धरती में होती हैं। किसान पकने के बाद फसल का ऊपरी हिस्सा काट लेते हैं क्योंकि वही काम का होता है बाकी अवशेष होते हैं जो किसान के लिए बेकार होते हैं। उन्हें अगली फसल बोने के लिए खेत खाली करने होते हैं तो सूखी पराली को आग लगा दी जाती है। पराली के प्रदूषण के चलते देश की राजधानी की आबोहवा फिर से बिगड़ने लगी है। देश की राजधानी दिल्ली और एनसीआर को वायु प्रदूषण से फिलहाल कोई राहत नहीं मिल रही। राष्ट्रीय राजधानी में दो प्रकार का प्रदूषण है। एक अंदरूनी प्रदूषण है जो वाहनों, धूल आदि से पैदा होता है और दूसरा पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश जैसे पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने के कारण होता है। दिल्ली में दम घोंटू जहरीली हवा हर साल तबाही मचाती है। प्रदूषण सिर्फ जान नहीं ले रहा है। सिर्फ सांसे नहीं छीन रहा है, बल्कि देश को खोखला भी कर रहा है. दावा है प्रदूषण की वजह से हर साल कई लाख करोड़ों का नुकसान होता है। एक शोध के अनुसार बिगड़ती हवा की गुणवत्ता और हवा में प्रदूषकों के बढ़ते स्तर से सांस की बीमारी और विकारों की संख्या और गंभीरता बढ़ जाती है। इसका सबसे अधिक बुरा असर बुजुर्ग और कमजोर या पहले से किसी बीमारी से जूझ रही युवा आबादी पर भी पड़ता है।

### चिंतन

# स्वयं की क्षमता और ऊर्जा को पहचानें

**संजीव ठाकुर**
**मोबाइल : 9009415415**

**महात्मा गांधी रहे जिन्होंने ना सिर्फ अपनी क्षमता को पहचाना बल्कि पूरे हिंदुस्तानियों को दिशा दिखा कर स्वतंत्रता का आह्वान कर स्वाधीनता प्राप्त की और महात्मा गांधी के रूप में भारत में स्थापित हुए। खुद की क्षमता एवं शक्ति को पहचानने से व्यक्ति भी महानता की श्रेणी में खड़ा होकर देश के विकास में एक बड़ा सोपान अर्जित करता है। इससे सिर्फ व्यक्ति ही महान नहीं बनता बल्कि देश को भी महान बनाने में उसका योगदान बहुत ज्यादा तथा महत्वपूर्ण होता है।**

स्वयं की क्षमता, शक्ति एवं ऊर्जा को पहचानना आज के नवयुवकों के लिए अत्यंत आवश्यक है। स्वयं के विकास से तात्पर्य खुद के लिए रोजगार की तलाश और राष्ट्रीय हित में योगदान भी हो सकता है। भारत की विशाल आबादी के हिसाब से भारत नौजवानों का देश है और भारत सरकार के लिए इतने युवा लोगों के लिए नौकरी उपलब्ध कराना संभव भी नहीं है कि सभी युवकों के लिए समुचित नौकरी का प्रबंध या इंतजाम कर सके। ऐसे में पढ़े-लिखे नौजवानों का यह महती दायित्व बन जाता है कि वह स्वयं की क्षमता को पहचान कर मेक इन इंडिया या स्वावलंबी होने का भरसक प्रयास करें। स्वयं की क्षमता को पहचानने वाला व्यक्ति समाज में एक आदर्श बनकर उभरता है और उसकी प्रसिद्धि समाज में स्वयं हो जाती है। युवक स्वयं का रोजगार बनाकर न सिर्फ खुद की बेरोजगारी दूर करता है, बल्कि वह दूसरों के लिए भी रोजगार का साधन बन जाता है। यह राष्ट्रीय हित में अत्यंत आवश्यक समीचीन तथा राष्ट्रीय विकास के लिए एक अच्छे सूचक के रूप में सामने आता है। स्वयं अपनी क्षमताओं को पहचानना एवं अपने अंदर के उद्यमी को रोजगार के लिए उपयोग में लाना मनुष्य का एक तरह का अलंकार या आभूषण ही है जो मनुष्य के लिए सुखी होने का बड़ा स्रोत है। वैसे भी नौकरी करके युवा एक तरह से परतंत्र, पराधीन हो जाता है और अपनी क्षमताओं का खुलकर प्रयोग नहीं कर पाता यही कारण है कि राष्ट्र के समग्र विकास में उसकी क्षमताओं का सही उपयोग नहीं हो पाता। राष्ट्रीय योजना मेक इन इंडिया के अंतर्गत आव्हान किया गया है कि नौजवानों को अपनी शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं स्किल का उपयोग कर भारत देश के लिए हर तरह के आवश्यक वस्तुओं का स्वयं निर्माण करें एवं दूसरे नौजवानों के लिए आदर्श स्थापित करें जिससे संपूर्ण देश स्वावलंबी बने। स्वयं की क्षमताओं को पहचानने वाला व्यक्ति स्वतंत्र, स्वाभिमानी होकर स्वयं पर पूर्ण विश्वास करने वाला आत्मविश्वासी व्यक्ति होता है। ऐसे में भविष्य में राहों में जितनी भी मुश्किल है या कठिनाई आती है उसका वह अपने ज्ञान और आत्मविश्वास के साथ मुकाबला करने से नहीं चूकता है। अपनी क्षमताओं को पहचानने के कारण व्यक्ति अत्यंत सरल, सहज एवं आत्मविश्वासी होकर दूसरों की मदद करने से भी पीछे नहीं हटता। स्वयं का रोजगार तलाशने या अपने लिए कोई उद्यम बनाने में युवाओं में जो ज्ञान प्राप्त होता है फल स्वरूप वह युवा अत्यंत त्यागी तथा समाज के लिए सेवा भाव भी रखने वाला होता है।

स्वावलंबन से दूसरों पर निर्भर होने की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती एवं अपने ही ज्ञान तथा क्षमता से वह उन्नति के सोपान चढ़ते जाता है, एवं राष्ट्र के लिए एक धरोहर की तरह होता है। खुद की क्षमता पहचान कर अपना उद्यम डालने से न सिर्फ समाज में विकास होता बल्कि देश में भी विकास के योगदान में एक बड़ा मील का पत्थर साबित होता है। ऐतिहासिक तौर पर भी खुद की क्षमता पहचानने एवं अपनी उर्जा को सही दिशा में लगाने के कारण बड़े-बड़े महापुरुषों का जन्म हुआ है। जितने भी बड़े महापुरुष हुए हैं, वे पैदाइशी महापुरुष नहीं थे उन्होंने अपनी क्षमता, शक्ति एवं ज्ञान को पहचान कर उसमें समुचित एवं निरंतर परिश्रम कर एक नए मुकाम को हासिल किया था और तब ही वे महापुरुषों की श्रेणी में शामिल हुए हैं। पौराणिक तौर पर प्रभु श्री राम ने वन गमन कर रावण का वध किया और एक धार्मिक इतिहास बनाया। अपनी क्षमताओं को पहचान कर उसे सही दिशा देने का सबसे बड़ा उदाहरण एकलव्य है जिसने जंगल में धनुर्विद्या लगातार अभ्यास करके अर्जुन की तरह बहुत बड़े धनुर्विद्या के शूरवीर बने। कोलंबस ने भी अपनी शक्ति क्षमता को पहचानते अमेरिका की खोज की और गरीब मां बाप की संतान अमेरिका के राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन ने अमेरिका का सर्वोच्च पद प्राप्त किया। राइट ब्रदर्स ने अपने ज्ञान का समुचित विकास एवं उपयोग कर हवाई जहाज की खोज की। खुद की शक्ति एवं ऊर्जा के विकास और स्वावलंबन का सबसे बड़े उदाहरण महात्मा गांधी रहे जिन्होंने ना सिर्फ अपनी क्षमता को पहचाना बल्कि पूरे हिंदुस्तानियों को दिशा दिखा कर स्वतंत्रता का आह्वान कर स्वाधीनता प्राप्त की और महात्मा गांधी के रूप में भारत में स्थापित हुए।

खुद की क्षमता एवं शक्ति को पहचानने से व्यक्ति भी महानता की श्रेणी में खड़ा होकर देश के विकास में एक बड़ा सोपान अर्जित करता है। इससे सिर्फ व्यक्ति ही महान नहीं बनता बल्कि देश को भी महान बनाने में उसका योगदान बहुत ज्यादा तथा महत्वपूर्ण होता है। मनुष्य अपनी क्षमताओं को वैसे तो आसानी से पहचान नहीं पाता है लेकिन यदि वह अपनी अंतर शक्ति, विशेषताओं को किसी भी उम्र में भी पहचान कर उसका देश के लिए समुचित उपयोग कर सकता है इसीलिए मेक इन इंडिया के लिए युवकों को अपनी क्षमताओं शक्ति तथा ऊर्जा को पहचान कर नए नए उद्यम लगाकर देश के विकास में सहयोग करना चाहिए। यह एक सकारात्मक चरित्र विकास की प्रथम पंक्ति होती है। इससे मनुष्य में और खासकर युवा वर्ग में निर्भीकता, कठोर श्रम करने की शक्ति एवं संयम जैसी विशेषताओं का प्रादुर्भाव होता है। व्यक्ति समाज एवं राष्ट्र की उन्नति में चार चांद लग जाते हैं। उन्नत शिक्षित परिश्रमी एवं सदाचारी युवाओं से ही कोई राष्ट्र महानता की श्रेणी में पहुंच जाता है।

महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- **दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

रैली



जम्मू–कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस ने रविवार को श्रीनगर में समाज में नशीली दवाओं के खतरे के प्रतिकूल प्रभावों के बारे में लोगों को शिक्षित करने के लिए एक मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया।



## राहुल गांधी ने उत्तराखंड में केदारनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की

नयी दिल्ली/दक्षिण भारत। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को उत्तराखंड के केदारनाथ मंदिर में पूजा–अर्चना की। राहुल हेलीकॉप्टर से वहां पहुंचे, जहां मंदिर के पुजारियों तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। राहुल गांधी ने फेसबुक पर एक पोस्ट में केदारनाथ मंदिर की अपनी तस्वीरें साझा करते हुए कहा, आज, मैंने उत्तराखंड में केदारनाथ धाम का दौरा किया और दर्शन व पूजा की। हर–हर महादेव। राहुल गांधी पांच विधानसभा चुनावों के लिए लगातार प्रचार कर रहे हैं और रविवार को उन्होंने छत्तीसगढ़ में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। उत्तराखंड में समुद्र तल से 3,584 मीटर की ऊंचाई पर स्थित केदारनाथ मंदिर, उत्तराखंड के चार धाम और पंच केदार का हिस्सा है और भारत में भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है।

## भारत में निकट भविष्य में 'हाइपरलूप' ट्रेन की संभावना नहीं : सारस्वत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। भारत द्वारा निकट भविष्य में अत्यधिक द्रुत गति की ट्रेन के लिए हाइपरलूप प्रौद्योगिकी को अपनाने की संभावना नहीं है। नीति आयोग के सदस्य वी के सारस्वत ने रविवार को यह बात कही। सारस्वत ने कहा कि अभी यह प्रौद्योगिकी परिपक्वता के 'बहुत निचले स्तर' पर है और फिलहाल यह आर्थिक रूप से व्यवहार्य भी नहीं है। सारस्वत वर्जिन हाइपरलूप प्रौद्योगिकी की तकनीकी और व्यावसायिक व्यवहार्यता का पता लगाने के लिए गठित एक समिति की अगुवाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ विदेशी कंपनियों ने भारत में यह प्रौद्योगिकी लाने में रुचि दिखाई है।

सारस्वत ने कहा, जहां तक हमारा सवाल है, हाइपरलूप प्रौद्योगिकी के बारे में हमने पाया कि विदेशों से जो प्रस्ताव आए थे, वे बहुत व्यवहार्य विकल्प नहीं हैं। वे प्रौद्योगिकी की परिपक्वता के बहुत निचले स्तर पर हैं। हाइपरलूप एक 'हाई–स्पीड' ट्रेन है, जो ट्यूब में वैक्यूम में चलती है। यह तकनीक इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला और अंतरिक्ष परिवहन कंपनी स्पेसएक्स का स्वामित्व रखने वाले एलन मस्क द्वारा प्रस्तावित है। सारस्वत ने कहा, इसलिए हमने आज की तारीख तक इसे ज्यादा महत्व नहीं दिया है। यह सिर्फ एक अध्ययन कार्यक्रम है। मुझे नहीं लगता कि निकट भविष्य में हाइपरलूप प्रौद्योगिकी हमारे परिवहन ढांचे में शामिल होगी। वर्जिन हाइपरलूप का परीक्षण नौ नवंबर, 2020 को अमेरिका के लास वेगास में 500 मीटर के ट्रैक पर एक पॉड के साथ आयोजित किया गया था। इसमें एक भारतीय और अन्य यात्री सवार थे। इसकी रफ्तार 161 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक थी। सारस्वत के मुताबिक, अभी तक जो पेशकश आई हैं, उनमें प्रौद्योगिकी की परिपक्वता का स्तर काफी कम है। हम इस तरह की प्रौद्योगिकी में निवेश नहीं कर सकते। वर्जिन हाइपरलूप उन मुट्ठी भर कंपनियों में से है जो यात्री परिवहन के लिए ऐसी प्रणाली बनाने की कोशिश कर रही हैं। चीन से लिथियम आयात पर भारत की निर्भरता संबंधी सवाल पर सारस्वत ने कहा कि आज की तारीख में भारत में लिथियम आयन बैटरी का उत्पादन बहुत कम है, इसलिए हम इसके लिए चीन और अन्य स्रोतों पर निर्भर हैं। उन्होंने कहा कि हमारी ज्यादा निर्भरता चीन पर है, क्योंकि चीन की बैटरियां सस्ती हैं। उन्होंने इस बात का जिक्र किया कि भारत ने देश में बैटरी विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करने के लिए प्रोत्साहन दिया है। सारस्वत ने कहा, उम्मीद है कि अगले साल आपके पास कुछ कारोबारी घराने होंगे जो देश में बड़े पैमान पर लिथियम–आयन बैटरी का निर्माण करने के लिए आगे आएंगे।

## अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, भारत के भीतर राम राज्य की उद्घोषणा की शुरुआत है : योगी आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सुकमा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण भारत के अंदर राम राज्य की उद्घोषणा की शुरुआत है, जहां जाति और धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होगा। छत्तीसगढ़ के कोंटा विधानसभा क्षेत्र में एक रैली को संबोधित करते हुए भाजपा नेता ने छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पर राज्य में 'लव जिहाद' और धर्मांतरण को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। सुकमा जिले की कोंटा सीट उन 20 विधानसभा क्षेत्रों में से एक है, जहां पहले चरण में मतदान होगा। राज्य के 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए दो चरणों में मतदान होगा। पहले चरण में 20 सीटों पर तथा अन्य 70 सीटों पर 17 नवंबर को दूसरे चरण में मतदान होगा। पहले चरण के लिए प्रचार रविवार शाम को समाप्त हो जाएगा।

योगी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, अयोध्या में भगवान राम के मंदिर का निर्माण जनवरी में पूरा हो जाएगा। इससे उत्तर प्रदेश से अधिक छत्तीसगढ़ के लोगों को खुश होना चाहिए क्योंकि छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण भारत के अंदर राम राज्य की उद्घोषणा की शुरुआत है। उन्होंने कहा, राम राज्य का अर्थ है ऐसा शासन जहां जाति और धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होगा। योजनाओं का लाभ गरीबों, वंचितों, आदिवासियों सहित हर व्यक्ति तक पहुंचे। योजना का लाभ सभी तक सीधे पहुंचना चाहिए। सभी को सुरक्षा, सुविधाएं और संसाधनों पर अधिकार मिले, यही राम राज्य है। योगी ने केंद्र सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा, याद रखें, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने वास्तव में पिछले साढ़े नौ वर्षों में पूरे देश में राम राज्य की नींव रखी है। योगी आदित्यनाथ ने भूपेश बघेल सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया, यहां (छत्तीसगढ़ में) सरकार लव जिहाद और धर्मांतरण की गतिविधियों पर चुप है। यहां हर तरह से ऐसी गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह कोई 'सरकार' नहीं है, बल्कि यह एक 'समस्या' बन गई है। कांग्रेस अपने आप में एक समस्या बन गई है। जल्द से जल्द इस समस्या से छुटकारा पाएं और छत्तीसगढ़ के सपनों को साकार करने में सहयोग करें। उन्होंने कोयला, शराब, खनन और लोक सेवा आयोग में कथित घोटालों को लेकर भी बघेल सरकार पर हमला बोला।

## नेपाल में भूकंप के कारण हजारों लोग बाहर सोए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

काठमांडू। नेपाल में भूकंप के कारण कम से कम 157 लोगों की मौत होने और बड़ी संख्या में मकानों के क्षतिग्रस्त या नष्ट होने के कारण देश के पश्चिमोत्तर हिस्से के पर्वतीय गांवों में हजारों लोगों को कड़ाके की ठंड के बावजूद शनिवार रात को बाहर सड़कों पर सोना पड़ा। नेपाल में शुक्रवार रात अचानक आए भूकंप से जाजरकोट जिले के गांवों में अधिकतर मकान या तो ढह गए या गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि कस्बों में कंक्रीट के कुछ मकान क्षतिग्रस्त हो गए। चिउरी गांव के निवासी लाल बहादुर बीका ने भूकंप के कारण मारे गए 13 लोगों के सफेद कपड़ों में लिपटे शवों की ओर इशारा करते हुए कहा, हम अपने गांवों में मारे गए लोगों के शवों के अंतिम संस्कार का इंतजार कर रहे हैं और भूकंप में घायल हुए लोगों की देखभाल करने की कोशिश कर रहे हैं। इन शवों का रविवार सुबह अंतिम संस्कार किया जाना है। चिउरी गांव में कई मकान ढह गए हैं।

लोगों ने रात में खुद को गर्म रखने के लिए प्लास्टिक की चादरों और पुराने कपड़ों का उपयोग किया। कई लोग अपने ढह चुके मकानों के मलबे के नीचे से अपना सामान निकालने में असमर्थ हैं। बचावकर्मी तत्काल सहायता पहुंचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन कई पहाड़ी गांवों तक पैदल ही पहुंचा जा सकता है जिसके कारण अभियान में बाधा पैदा हो रही है।



## अरिजीत सिंह के साथ रणबीर कपूर ने किया 'एनिमल' का प्रमोशन

मुंबई/एजेन्सी

रणबीर कपूर इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म एनिमल को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। यूं तो एक्टर सोशल मीडिया से काफी दूर रहते हैं लेकिन वे किसी न किसी वजह से इंटरनेट पर वायरल हो ही जाते हैं। बीते दिन रणबीर कपूर का एक वीडियो सामने आया है, जो तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल, रणबीर कपूर हाल ही में अरिजीत के कॉन्सर्ट में चंडीगढ़ पहुंचे थे। इस कॉन्सर्ट में सिंगर के साथ अभिनेता ने खूब मस्ती की। दोनों को साथ में देख फैंस की दीवानगी भी देखने को मिली है। इस दौरान का एक वीडियो सामने आया हैद्ध इस वीडियो में रणबीर कपूर ने एक बार फिर अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म ऐ दिल है मुश्किल की याद दिला दी।

वीडियो में रणबीर कपूर अपनी इसी फिल्म के सुपरहिट गानें चन्ना मेरेया गाने पर डांस करते नजर आ रहे हैं। अभिनेता के इस डांस को देख कॉन्सर्ट की ऑडियंस क्रेजी हो गई। इस दौरान अरिजीत ने ब्रह्मास्त्र का रसिया सॉन्ग भी गया है। इस गाने पर भी रणबीर ने उनका साथ दिया। रणबीर अपनी फिल्म के प्रमोशन के लिए चंडीगढ़ पहुंचे थे।

रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल 1 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस फिल्म में उनके साथ रश्मिका मंदाना और अनिल कपूर भी नजर आएंगे। फिल्म का टीजर हाल ही में रिलीज किया गया था, जिसमें एक्टर का दमदार लुक देखने को मिला था। वहीं, अब रणबीर की इस फिल्म के ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। कुछ दिन पहले फिल्म का गाना सतरंगा भी रिलीज हुआ है, जिसे दर्शकों की तरफ से काफी पसंद किया जा रहा है।



## 'सिंघम अगेन' से अक्षय कुमार का फर्स्ट लुक रिलीज

मुंबई/वार्ता

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार आने वाली फिल्म सिंघम अगेन से उनका फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। रोहित शेट्टी जल्द ही अपनी फेमस कॉप यूनिवर्स की फिल्म सिंघम फ्रेंचाइजी का तीसरा पार्ट 'सिंघम अगेन' लेकर आने वाले हैं। सिंघम अगेन में अजय देवगन की मुख्य भूमिका होगी।फिल्म सिंघम अगेन में अक्षय कुमार और रणवीर सिंह की कैमियो भूमिका है।इस फिल्म से अक्षय कुमार का फर्स्ट लुक जारी कर दिया गया है। रोहित शेट्टी ने 'सिंघम अगेन' में अक्षय कुमार का वेलकम सीन खास पोस्ट के साथ शेयर किया है। उन्होंने लिखा, 'एक बार फिर सिंघम में, हम सिर्फ वही कर रहे हों, जो हमारे फैंस हमसे चाहते हैं। अक्षय कुमार और हेलीकॉप्टर। सूर्यवंशी को दो साल हुए पूरे। सिंघम के साथ वीर सूर्यवंशी भी बैटल में शामिल हुए।अक्षय कुमार ने खुद का इंट्रोडक्शन मजेदार अंदाज में दिया है। उन्होंने लिखा, 'आईला रे आईला सूर्यवंशीआईला। एटीएस वीर सूर्यवंशी की एंट्री का समय हो गया है। क्या आप तैयार हैं?' अक्षय कुमार हेलीकॉप्टर से छलांग लगाते हुए हाथों में राइफल लिए नजर आ रहे हैं। फिल्म 'सिंघम 3' में अजय देवगन,करीना कपूर, दीपिका पादुकोण, टाइगर श्रॉफ नजर आएंगे।



## 'डंकी' के पोस्टर में शाहरुख अपने 'पट्ठों' के साथ मीलों चले

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान और 'डंकी' निर्माताओं ने फिल्म के दो नए पोस्टर जारी किए हैं, जहां शाहरुख अपने 'उल्लू के पठठों' के साथ मीलों पैदल चलते दिख रहे हैं।

अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर पोस्टर का अनावरण किया, जिसमें सबसे पहले उनके चरित्र हार्डी के साथ तापसी पन्नू के चरित्र मनु, विक्की कौशल के चरित्र सुखी, विक्रम कोचर के गुड्डु और अनिल ग्रोवर के बल्ली को दर्शाया गया है। फिल्म के हास्य पक्ष को दर्शाते हुए पांचों पात्र बस हंसते–मुस्कुराते हुए आगे बढ़ रहे हैं। अगली तस्वीर में पांचों को रेगिस्तान में कुछ दूरी पर चलते हुए दिखाया गया है और उनके पीछे बोमन ईरानी का किरदार गुलाटी भी है।

शाहरुख ने इंस्टाग्राम पर लिखा, हम बिल्कुल उसी तरह दिख रहे हैं, जैसे राजू सर ने अपने 'उल्लू के पट्ठों' को इमेजिन किया था, इनके बारे में बहुत कुछ शेयर करना अभी बाकी है।'डंकी इस क्रिसमस 2023 में दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

वास्तविक जीवन के अनुभवों से प्रेरित, 'डंकी' प्यार और दोस्ती की एक गाथा है जो पांच असमान कहानियों को एक साथ लाती है, जिसमें एक्शन के साथ गुदगुदाने वाली कॉमेडी का मिश्रण है। जियो स्टूडियोज, रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और राजकुमार हिरानी फिल्म्स प्रोडक्शन की यह फिल्म गौरी खान के साथ राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित और सह–निर्मित है। अभिजात जोशी, राजकुमार हिरानी और कनिका ढिल्लों द्वारा लिखित, 'डंकी' 22 दिसंबर, 2023 को रिलीज होने वाली है।



## काजोल ने खुलासा किया, उधार की जिंदगी उनके जीवन और कैरियर में क्यों टर्निंग पॉइंट थी ?

मुंबई/एजेन्सी

अपनी फिल्म 'उधार की जिंदगी' के इंडस्ट्री में 29 साल पूरे होने पर अभिनेत्री काजोल ने खुलासा किया कि यह उनके करियर और जीवन का एक महत्वपूर्ण मोड़ था। इसके लिए उन्होंने बहुत मेहनत की। जब उन्हें एहसास हुआ कि वह बहुत थक गई हैं, तब उन्होंने छुट्टी लेने का फैसला किया।

काजोल ने 1994 में रिलीज हुई इस फिल्म का एक पोस्टर एक्स पर साझा किया। इसे के.वी. राजू.द्वारा निर्देशित किया गया था। उन्होंने एक किस्सा साझा किया और लिखा : आज उधार की जिंदगी के 29 साल पूरे हो गए हैं और इसके नाम का कोई संक्षिप्त रूप नहीं है। यह ज्यादातर लोगों की यादों में बस गया है, लेकिन मेरे लिए यह हमेशा मेरे करियर और मेरे जीवन में एक महत्वपूर्ण मोड़ कहलाएगा।उन्होंने आगे कहा, मैं बहुत थक चुकी थी, क्योंकि मैंने अपनी पूरी तकत काम पूरा करने में लगा दिया था। मैंने 20 साल की उम्र में एक बड़ा फैसला लिया और तय किया कि मैं एक ब्रेक और काम की बेहतर रफ्तार की हकदार हूं।

इसलिए मैं आगे बढ़ी और बिल्कुल वैसा ही किया, जैसा करने को कहा गया। इसमें जितेंद्र और मौसमी चटर्जी भी हैं। यह काजोल की पहली लेखक–समर्थित भूमिका थी। यह फिल्म 1991 की तेलुगू फिल्म 'सीतारामय्या गारी मनावरलु' की रीमेक है।इस फिल्म के निर्देशक के.वी. राजू ने इससे पहले 1992 में कन्नड़ में 'बेल्ली मोदागलु' नाम से रीमेक बनाया था।

काजोल ने आगे कहा, मैंने ऐसी फिल्में कीं, जिनमें मेरी पूरी आत्मा की जरूरत नहीं थी, मैंने खुद को बेहतर गति देना सीखा और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि अपनी खुद की बाल्टी भरना, ताकि मेरे पास देने के लिए और भी बहुत कुछ हो... मैं आज भी उसी चीज का अभ्यास कर रही हूं। ... तो हां, इस दिन को एक पोस्ट की जरूरत है... और इस बेहद तेज रफ्तार दुनिया में मेरे और बाकी सभी लोगों के लिए एक अनुस्मारक की जरूरत है।''

## क्रिसमस पर क्यों प्रदर्शित हो रही है सालाऱ ?, निर्माताओं ने बताया कारण

मुंबई/एजेन्सी

सिनेमाघरों में फिल्मों का टकराव होना कोई नई बात नहीं है, लेकिन जब दो बड़ी फिल्में एक ही दिन प्रदर्शित होती हैं तो कहा जाता है कि इससे बॉक्स ऑफिस को नुकसान होता है। हालांकि यह बात पूरी तरह से सही साबित नहीं होती है। ऐसे मौके पर वही फिल्म नाकामयाब होती है जो दर्शकों को अपने साथ जोड़ने में सफल नहीं हो पाती है। वर्ष 2023 का आखिरी और सबसे बड़ा मुकाबला क्रिसमस के मौके पर होने जा रहा है जहाँ शाहरुख खान की फिल्म डंकी और प्रभास की सालार: पार्ट–1 सीजफायर का आपस में टकराने जा रही हैं। कौनसी फिल्म दर्शकों के दिलों और बॉक्स ऑफिस पर राज करेगी, ये तो आने वाले वक्त में पता लगेगा लेकिन इस बीच ये बात जरूर सामने आई है कि सालार को क्रिसमस पर ही क्यों रिलीज किया जा रहा है।इस बात में कोई शक नहीं है कि प्रभास की 'सालार: पार्ट 1– सीजफायर' इस साल की



सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है। ये फिल्म क्रिसमस पर रिलीज हो रही है। फिल्म के टीजर ने दर्शकों को सालार वर्ल्ड की एक झलक दी, जो एक्शन से भरपूर थी। डंकी से क्लैश को लेकर भी फिल्म सालार की चर्चा है और ऐसे में अब सालार के मेकर्स ने अपनी फिल्म के लिए क्रिसमस रिलीज क्यों चुनी इस दिल्चस्प वजह का खुलासा किया है।

प्रोडक्शन से जुड़े एक करीबी सूत्र ने बताया, 'सालार: पार्ट 1 – सीजफायर के निर्माताओं द्वारा फिल्म को क्रिसमस पर रिलीज करने का एक कारण यह था कि 5 साल पहले उन्होंने केजीएफ 1 को क्रिसमस वीकेंड पर रिलीज किया था और उन्हें लगता है कि दर्शकों के लिए फिल्म को एंजॉय करने का यह सबसे परफेक्ट समय है।' बता दें कि सालार, होम्बले फिल्म्स के बैनर तले बनाई गई है, जो केजीएफ 1 और 2 के निर्माता थे। गौरतलब है कि फिल्म का निर्देशन प्रशांत नील ने किया है और पहली बार वो प्रभास के साथ काम कर रहे हैं।

प्रशांत नील इससे पहले यश के साथ सुपरहिट फिल्म सीरीज केजीएफ दे चुके हैं और कहा जा रहा है कि सालार का कनेक्शन केजीएफ से होगा और ये प्रशांत नील का सिनेमैटिक यूनिवर्स है। सालार: पार्ट 1 – सीजफायर में प्रभास के साथ पृथ्वीराज सुकुमारन, श्रुति हासन और जगपति बाबू होंगे। प्रशांत नील के निर्देशन में बनी यह फिल्म 22 दिसंबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

आगम उसे कहते हैं, जो दोषों को घटाएं और गुणों को बढ़ाएं। परमात्मा की वाणी धन्य है। तीनों लोक में उज्जवल है। यह वाणी देवलोक के सुख से भी अमूल्य है। हम देख रहे हैं देवभद्र और यशोभद्र जो संयम पथ पर बढ़ने की आज्ञा मांगते है। अपने माता-पिता से कहते है कि संसार के सुख नश्वर हैं हमें परम सुख को पाना है इसलिए हमें आज्ञा प्रदान कीजिए। हमें दीक्षा लेने दीजिए, यह भोग संसार का सुख क्षण मात्र के लिए हैं और बहुत काल तक दुख का कारण बनता है। आप मुझे संसार का आनंद लेने के लिए कह रहे हैं यह हमेशा हमें स्मरण रखना है कि जन्म मरण सबसे अधिक दुख का कारण है।

**आशीर्वाद** — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



रविवार को छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ स्थित चंद्रगिरि जैन मंदिर में आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज से मुलाकात कर आशीर्वाद लेने पहुंचे भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी।





# मरूधर केसरी जैन वैयावच्च सेंटर का उद्घाटन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। स्वर्ण संयम श्री वीरेन्द्रमुनिजी म. सा. के पावन निश्रा में सारंगपानी स्ट्रीट टी.नगर में साधु साध्वियों के वैयावच्च हेतु क्रय किये गए अपार्टमेंट के उदघाटन का कार्यक्रम शनिवार को ट्रस्टीयों की उपस्थिति में सादगी पूर्ण तरीके से सुसम्पन्न हुआ। गुरुदेव श्री वीरेंद्रमुनि के सान्निध्य में दोपहर 3 बजे से 3.40 बजे सामुहिक नवकार महामंत्र जाप का आयोजन रखा गया। श्री वीरेन्द्रमुनिजी म. ने संबोधित करते हुए कहा कि श्रमण श्रमणियों के लिए यह सेंटर अत्यन्त ही उपयोगी साबित होगा। मुनिश्री ने सभी ट्रस्टियों को साधुवाद देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। ट्रस्ट के मंत्री दिलीप गादिया ने स्वागत अभिभाषण प्रेषित किया।

ट्रस्टी डॉ.एम. उत्तमचन्द गोठी ने वर्ष 1999 से आज तक पिछले लगभग 23 वर्षों से ट्रस्ट द्वारा लगातार किये जा रहे वैयावच्च एवं सेवा कार्यों की जानकारी विस्तार पूर्वक दी और कहा कि साधु साध्वियों की सेवा से बढ़ कर और कोई धर्म हो नहीं सकता। गोठी ने दिवंगत ट्रस्टीयों का स्मरण करते हुए बताया कि वर्षों से जो आस लगी थी वो आज साकार होने जा रही है। इसके लिए उन्होंने सभी ट्रस्टियों को तहेदिल से धन्यवाद व आभार प्रेषित किया। तदनन्तर खरीदे गए अपार्टमेंट के प्रेरणा स्तोत्र एवं हाल के लाभार्थी स्व. मदनलाल रतनदेवी तालेड़ा परिवार रॉयपेटा से उपस्थित पुत्र महावीरचन्द तालेड़ा का ट्रस्ट की तरफ से सम्मान किया गया। इसी श्रृंखला में ट्रस्ट में सम्मिलित नए ट्रस्टी धर्मीचंद कोठारी, मदनराज सिंघवी आम्बुर, राजेन्द्रकुमार बोहरा, नरेशकुमार कांकरिया, सुरेशचंद चोरड़िया, राजकुमार चोरड़िया, संतोष पगारिया का भी ट्रस्ट की तरफ माला, शॉल एवं पचरंगी जैन चिन्नम द्वारा सम्मान किया गया। एम. गौतमचंद अनिलकुमार गोठी का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के चेयरमैन ज्ञानचन्द नाहर, अध्यक्ष किशनलाल खाबिया, ट्रस्टी नवरतन मल चोरड़िया, हस्तीमल मरलेचा, पारसमल नाहर, गौतमचन्द कांकरिया, शांतिलाल सिंघवी, सुरेश कुमार लुनावत, रमेशकुमार गुगलिया, कोषाध्यक्ष गौतमचंद जांगड़ा, मंत्री दिलीपकुमार गादिया, संघ अध्यक्ष डॉ.उत्तमचन्द गोठी एवं एस एस जैन संघ माम्बलम के सभी पदाधिकारी गण विनोद गादिया, आशीष मोदी, दीपक मुकेश सेठिया उपस्थित थे। ट्रस्टी शान्तिलाल सिंघवी ने धन्यवाद भाषण दिया। मुनिश्री वीरेन्द्र मुनि के मंगल पाठ के पश्चात कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।





# पैंसठिया यंत्र जाप से मनवांछित फल की प्राप्ति : महासती धर्मप्रभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। मनवांछित इच्छित फल प्राप्त होता है पैंसठिया यंत्र के जाप करने से। रविवार को साहुकार पेठ जैन भवन में 108 पैंसठिया जाप के दौरान महासती धर्मप्रभा ने जाप करने वालें श्रावक-श्राविकाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय परंपरा में मंत्र स्त्रोत्र आदि का बहुत बड़ा महत्व है। जैन धर्म में अनेक मंत्र स्त्रोत्र जो स्वयं में सिद्ध एवं चमत्कारी हैं। पैंसठिया यंत्र ऐसा विशिष्ट यंत्र है जो आधी व्याधि और उपाधि का नाश कर व्यक्ति के जीवन में समाधि प्रकट करता है। इसका विधिवत साधना कर व्यक्ति अपने इच्छित फल को प्राप्त कर सकता है और अपने सिद्धि का द्वार खोल सकता है। यह यंत्र आत्मा को नव्यता दिव्यता और भव्यता प्रदान करता है। पैंसिठिया के जाप करने से कैंसर जैसे रोग खत्म हो जाते हैं, परंतु उसके लिए भावना और श्रद्धा शुद्ध रखकर विश्वास के साथ जाप करता है तो वह अपने रोग और दु:खों से छुटकारा पा सकता है।

साहुकारपेट श्रीसंघ के कार्याध्यक्ष महावीर चन्द सिसोदिया ने जानकारी देतें हुए बताया पैंसठिया के जाप प्रांरभ करने से पूर्व सभी भाई और बहनों ने नवकार महामंत्र की आराधना की और 3 घंटे तक सामूहिक रूप से महासती धर्मप्रभा,साध्वी स्नेहप्रभा के साथ विधि विधान पूर्व पैंसठिया यंत्र का जाप किया। पैसठिया जाप की सभी को प्रभावना देने वाले लाभार्थी माणकचन्द, डॉ.अशोक कुमार खाबिया का सम्मान किया गया।

# गौतमस्वामी पूजन एवं सूरिमंत्र वंदावली का आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। यहां किलपॉक श्वेताम्बर मूर्तिपूजक जैन संघ के तत्वावधान में रविवार को गच्छाधिपति आचार्यश्री उदयप्रभ सूरीश्वरजी म.सा. के द्वितीय सूरिमंत्र पीठिका एवं साध्वी हितार्थरत्नाश्रीजी के भद्रतप की पूर्णाहुति के उपलक्ष्य में श्री गौतमस्वामी पूजन एवं सूरिमंत्र वंद्रावली का आयोजन किया गया। इस आयोजन के लाभार्थी गजेश निपा हीरालाल शाह परिवार थे। कार्यक्रम में धीरज निब्जिया ने संगीत की मार्मिक प्रस्तुति दी। इस मौके पर आचार्यश्री ने कहा कि जिस प्रकार भावों में उपशम भाव, तप में आयंबिल, व्रत में ब्रह्मचर्य, आराधना में सर्वविरति श्रेष्ठ हैं, उसी तरह मंत्रों में नवकार मंत्र और सूरिमंत्र एवं गुरु में गौतम स्वामी श्रेष्ठ है। सूरिमंत्र गौतम स्वामी के पूर्वकाल से चला आ रहा है।

उन्होंने कहा जाप पहले स्वयं की भूमिका और फिर जाप की भूमिका बनाकर करना चाहिए। ज्ञानी कहते हैं तू तेरी भूमिका बना, फिर जाप के लिए भूमिका बना। स्वयं की भूमिका का मतलब स्वयं में रहे हुए कषायों को निर्मल करना है। जाप के पहले मिथ्यात्व, आहारसंज्ञा आदि कषायों को दूर करना है। मैत्री, करुणा, प्रमोद, माध्यस्थ, इन चार भावना को जीवन में जोड़ना है, तब ही आपके कषाय धीरे-धीरे मंद पड़ेंगे और आप जाप कर पाएंगे।

उन्होंने कहा विनय संपन्नता, श्रद्धा चातुर्य, पुण्य का माधुर्य, प्रवचन का सौंदर्य, शिष्य वैभव आदि गौतम स्वामी के प्रमुख गुण थे। उन्होंने कहा मैत्री हरेक के प्रति होनी चाहिए, विशेषकर जिनके साथ अनबन हो।

उन्होंने कहा ग्रंथ पढ़ना आसान है, ग्रंथि को तोड़ना कठिन है। इसीलिए साधु को निर्ग्रन्थ कहा गया है। उन्होंने कहा चिंतन आत्मबल बढ़ाता है, चिंता कर्मबल बढ़ाता है। चिंतन पर के कल्याण के लिए होता है और चिंता स्व के कल्याण के लिए होती है। उन्होंने कहा कार्य ऐसा करो कि दूसरे उसकी प्रशंसा करने में लग जाए, आपको स्वयं को प्रशंसा करने की आवश्यकता ही नहीं हो।

आचार्यश्री ने कहा कि वर्तमान के आचार्य गौतमस्वामी के प्रतिनिधि है। गौतमस्वामी के प्रति अहोभाव रखते हुए हमें आज पूजन करनी है। अहोभाव लाने के लिए उनके गुणों को हृदय में लाना होगा। गौतमस्वामी का दूसरा नाम अनंत लब्धिनिधान है। उनका नाम सब संप्रदायों द्वारा माना जाता है। वे सूरिमंत्र के मूल नायक बने हैं। सूरिमंत्र के सूत्रों में श्रुतशक्ति के बीजमंत्र रहे हुए हैं। जो सूत्र का स्वाध्याय अच्छा करते हैं, उनको वचनसिद्धि और गणधर पद का नाम कर्म मिलता हैं। ज्ञानी कहते हैं कोई भी त्याग ज्ञान के बिना टिकता नहीं है।

गुरुतत्व का अहोभाव अपने जीवन में आता है, तब ही प्रभु का साक्षात्कार होता है। हमें जीवन के व्यवहार के काम में दशांश सुकृत में देना चाहिए। गौतम स्वामी के जीवन से यह शिक्षा मिलती है कि भूल का स्वीकार करना, पुण्य का अभिमान नहीं करना यानी नम्रता का गुण, बिना कारण विशिष्ट ज्ञान का उपयोग नहीं करना, गुरु का वचन अन्यथा नहीं लेना। उन्होंने कहा गुरु का वचन अपने लिए सबसे श्रेष्ठ प्रवचन है। इस दौरान चूलै जैन संघ की उपस्थिति में आचार्यश्री के शिष्य उपाध्याय अभ्युदयप्रभ विजयजी के अगले चातुर्मास की अनुमति प्रदान की गई।



# आचार्य श्री देवेंद्रसागरसूरीश्वर का आगामी चतुर्मास मयलापुर में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। बिन्नी के नोर्थटाउन श्वेतांबर मूर्तिपूजक जैन संघ में बिराजमान आचार्य श्री देवेंद्रसागरसूरीश्वरजी महाराज एवं मुनि श्री महापद्मसागरजी महाराज को 2024 के आगामी चातुर्मास के लिए मयलापुर के श्री वासुपूज्यस्वामी मूर्तिपूजक जैन संघ चातुर्मास की विनती लेकर उपस्थित हुआ। भाव भरे चातुर्मास निवेदन से प्रभावित होकर आचार्यश्री ने रविवार को उपस्थित श्रद्धालुओं के सामने मयलापुर चातुर्मास के लिए स्वीकृति प्रदान की। जैसे ही चतुर्मास की घोषणा हुई, वैसे ही सर्वत्र उल्लास छा गया। इस मौके पर आचार्यश्री ने कहा कि जैन धर्म पूर्णतः अहिंसा पर आधारित है। जैन धर्म में जीवों के प्रति शून्य हिंसा पर जोर दिया जाता है। जैन धर्म के अनुसार बारिश के मौसम में कई प्रकार के कीड़े, सूक्ष्म जीव जो आंखों से दिखाई नहीं देते वे सर्वाधिक सक्रिय हो जाते हैं। ऐसे में मनुष्य के अधिक चलने-उठने के कारण इन जीवों को नुकसान पहुंच सकता है।

अतः इन जीवों को परेशानी न हो और जैन साधुओं के द्वारा कम से कम हिंसा हो इसलिए चातुर्मास में चार महीने एक ही जगह रहकर धर्म कल्याण के कार्य किए जाते हैं। इस दौरान जैन साधु किसी एक जगह ठहरकर तप, प्रवचन तथा जिनवाणी के प्रचार-प्रसार को महत्व देते हैं। इन चार माह को व्रत, भक्ति, तप और साधना का माह माना जाता है। इन चार माह में संतजन यात्राएं बंद करके आश्रम, मंदिर या अपने मुख्य स्थान पर रहकर ही व्रत और साधना का पालन करते हैं। इस दौरान शारीरिक और मानसिक स्थिति तो सही होती ही है, साथ ही वातावरण भी अच्छा रहता है। इन दिनों में साधना तुरंत ही सिद्ध होती है। उपरोक्त प्रसंग पर मयलापुर जैन संघ से बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।



# दादी वार्षिकोत्सव व भजन संध्या की तैयारियों की बैठक आयोजित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय दादी धाम प्रचार समिति के तत्वावधान में आगामी 24 दिसम्बर को राजराजेश्वरीनगर स्थित तेरापंथ भवन में दादी का वार्षिकोत्सव व भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है जिसमें इस भजन संध्या में कोलकाता के गायक अरविंद सहल और निकिता शर्मा भजनों की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं के लिए शांतिनगर में अध्यक्ष शिवकुमार टेकड़ीवाल एवं कार्यक्रम संयोजक संजय नोपानी की संयुक्त अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वार्षिकोत्सव की तैयारी पर चर्चा की गई और आयोजन हेतू जिम्मेदारियां सौंपी गई। इस अवसर पर महेश अग्रवाल, आलोक सराफ, गंगाधर मोर, संजय जाजोदिया, गोपाल लाठ, गजेंद्र-माया अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, संदीप झुनझुनवाला, रामसुन्दर बगड़िया, अरुण खेमका, सचिव संजय चौधरी आदि उपस्थित थे।

# आचार्यश्री का स्मृति दिवस जप, तप और त्याग के साथ मनाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां 5 नवम्बर को रत्नवंश के प्रथम आचार्य पूज्यश्री गुमानचंद्रजी म.सा का स्मृति दिवस श्री जैन रत्न हितैषी श्रावक संघ तमिलनाडु के तत्वावधान में स्वाध्याय भवन,साहूकारपेट में जप-तप-त्याग, पूर्वक सामायिक स्वाध्याय दिवस के रुप मे मनाया गया। लीलमचन्द, गौतमचंद मुणोत ने गौतममुनि म.सा. द्वारा रचित प्रभु महावीर की अंतिम वाणी उत्तराध्ययन सूत्र के नवमें अध्ययन नमि प्रव्रज्या अध्ययन की सुन्दर रागपूर्वक स्तुति की। कांतिलाल तातेड़, रुपराज सेठिया ने महावीर चालीसा की स्तुति की। श्रावक संघ तमिलनाडु के कार्याध्यक्ष आर नरेन्द्र कांकरिया ने जोधपुर में अखेराज-चैनाबाई के यहां जन्में गुमानचंद्र का बाल्यकाल व माताश्री के वियोग हो जाने पर मेडता में कुशलचंद्र म.सा के पास वैराग्य को प्राप्त करने के पश्चात अपने पिताश्री के संग दीक्षा लेने वाले रत्नवंशीय प्रथम आचार्य गुमानचंद्रजी म.सा. के चारित्रमय जीवन परिचय पर प्रकाश किया। वे कुशल पारखी व सुतीक्ष्ण बुद्धि के धनी थे। बाल्यवय में दीक्षित होने के पश्चात व्याकरण, संस्कृत,साहित्य व आगमों का अध्ययन करने वाले आचार्यश्री ने शुद्ध वीतराग धर्म की परुपणा व प्रचार किया। श्रावक संघ के कार्याध्यक्ष ने गुणगाण करते हुए बताया कि आपके बारह शिष्य रत्नों में दौलतरामजी म.सा., प्रेमचंदजी म.सा., लक्ष्मीचंदजी म.सा., ताराचंदजी म.सा., दुर्गादासजी म.सा. आदि थे। आपने अपने चरित्रमय जीवन मे अनेक वर्षों तक एकान्तर उपवास बेले-बेले की तपस्या की। आपने संवत 1814 में राजस्थान के भोपालगढ़ (बडलू) में चौदह सन्तों के संग चरित्र की विशेष शुद्धि हेतु 21 नियम बनाते हुए क्रियोद्धार किया। आपका नाम क्रियोद्धारक के रुप मे चिरकाल के लिए स्थायी हो गया। इस प्रसंग पर स्वाध्याय भवन में अनेक श्रदालुओं की उपस्थिति प्रमोदजन्य रही। जीवन व जैन संकल्प,त्याग प्रत्याख्यान, सामुहिक नियम व मंगल पाठ के पश्चात तीर्थंकरों, आचार्यों, उपाध्याय, भावी आचार्यश्री, साध्वी प्रमुखा, समस्त चरित्रआत्माओं की जयजयकार के साथ पुण्यतिथि कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

**सुन्दरकांड पाठ** — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



तिरूपुर में मां दुर्गा भक्त मंडल के तत्वावधान में 5 नवम्बर को 1328वां, सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन सुतारों की ढाणी में महेंद्र सुथार के यहां हुआ। सुन्दरकांड पाठ सुनील पंडित द्वारा गणेश वंदना एवं मंत्रोच्चारण करके पाठ चालू किया गया। पाठ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। मां दुर्गा भक्त मंडल की ओर से अध्यक्ष अशोक शर्मा एवं उपाध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने महेंद्र सुथार के परिवार का आभार व्यक्त किया और सात्विक विचारों की प्रेरणा दी।

# सुंकदकट्टे आईमाता मंदिर निर्माण समिति का हुआ गठन

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। सीरवी समाज ट्रस्ट सुंकदकट्टे आईमाता वडेर में रविवार को मंदिर निर्माण कराने के लिए समिति का गठन किया गया।



कार्यक्रम में वर्तमान कमेटी के सभी पदाधिकारीयों की उपस्थिति में 25 सदस्यों को शपथ दिलाई गई। पूर्व बैठक में मंदिर निर्माण के लिए 5 सदस्य अशोक परिहार, इन्द्रलाल सोलंकी, घीसुलाल चोयल, खेमाराम पवांर, मांगीलाल परिहार को जिम्मेदारी दी गई थी। रविवार को बैठक में अध्यक्ष मांगीलाल परिहार, सचिव देवाराम गेहलोत एवं संस्था के वर्तमान कार्यकारिणी पदाधिकारियों की मौजूदगी में कमेटी का विस्तार करते हुए पांचों सदस्यों सहित अन्य सदस्यों का चयन कर उन्हें जिम्मेदारी सौंपी गई।

# नेत्र व दंत जांच शिविर में 250 स्कूली बच्चे हुए लाभान्वित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




बेंगलूरु। शहर के विजय संभव फाउंडेशन ने राजकीय उच्चतर प्राथमिक विद्यालय, पनथुर में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन कर 250 स्कूली बच्चों व शिक्षकों की नेत्र व दंत जांच की। इस शिविर का उद्देश्य विद्यालय के सभी छात्रों और कर्मचारियों को आवश्यक नेत्र और दंत देखभाल से सम्बन्धित सेवाएँ प्रदान करना था। आलोका विजन की टीम ने नेत्र व स्माइल डेंटल क्लिनिक के डॉ. प्रणय ने दंत जांच की। फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ. रवि राजहंस ने बताया कि इस शिविर में विजयशंकर गुप्ता, गौतम सिंह, सोनल कीर्ति , सुजीत साहू, राहुल सिंह आदि ने व्यवस्था संभाली।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.